श्री लघ्वाचार्यरचित

त्रिपुराभारतीस्तवः

सटीकः

मुनिश्री वैराग्यरतिविजयजी

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

श्री विजयमहोदयसूरिग्रंथमाला-९

श्रीत्रिपुराभारतीस्तवः

(सटीकः)

❀ सम्पादकः ❀
तपागच्छाधिपत्याचार्यदेवेशश्रीमद्
विजयरामचन्द्रसूरीश्वजी म.सा. के शिष्यरत्न
मुनिश्रीवैराग्यरतिविजयः

✚ ला.भार्थी ✚
श्री हसमुखलाल चुनीलाल मोदी चेरीटेबल ट्रस्ट
तारदेव रोड,
मुंबई

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

श्री विजयमहोदयसूरिग्रंथमाला-९

ग्रन्थनाम	:	त्रिपुराभारतीस्तवः
विषय	:	स्तोत्र
टीका	:	१. ज्ञानदीपिका आ. श्री सोमतलिकसू. २. पञ्जिका अज्ञात
सम्पादक	:	मुनिश्री वैराग्यरतिविजयजी
पूर्वसम्पादक	:	पं. श्री लक्ष्मणदत्तशास्त्री, श्रीजिनविजयजी
प्रकाशक	:	प्रवचन प्रकाशन, पूना
आवृत्ति	:	प्रथम, २०५९
मूल्य	:	रु. ६०.००
पत्र	:	४०+८०
© : PRAVACHAN PRAKASHAN, 2003

प्राप्तिस्थान

पूना	:	**प्रवचन प्रकाशन** ४८८, रविवार पेठ, पूना-४११००२ फोन : ०२०-४४५३०४४
अहमदाबाद	:	**सरस्वती पुस्तक भंडार** हाथीखाना, रतनपोल, अहमदाबाद-३८०००१ फोन : ०७९-२५३५६६९२
अहमदाबाद	:	**राजेन्द्रभाई घेलाभाई शाह** ८, भावि एवेन्यू, मर्चन्ट पार्क सोसायटी पालडी, अहमदाबाद-३८०००७ फोन : ०७९-२६६०२३९३
मुद्रण	:	राज प्रिन्टर्स, पूना
अक्षरांकन	:	विरति ग्राफिक्स, अहमदाबाद

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

प्रकाशकीय

तपागच्छाधिराज पूज्यपाद आचार्यदेव **श्रीमद् विजयरामचन्द्रसूरीश्वरजी म. सा.** के प्रधान पट्टधर सुविशाल गच्छाधिपति पूज्यपाद आचार्यदेव **श्रीमद् विजयमहोदयसूरीश्वरजी म. सा.** के पुण्यनाम की स्मृति में ट्रस्ट की और से अनेक ग्रन्थ प्रकाशित हो रहे है । **'श्रीविजयमहोदयसूरीश्वरजी म.'** ग्रन्थमाला का यह सातवाँ पुष्प है ।

दो प्राचीन व्याख्या और पू. मुनिप्रवर श्री धुरंधर वि. म. लिखित प्रवेश, सम्पादक मुनिप्रवर के विस्तृत 'विमर्श' पू. मुनिप्रवर श्री प्रशमरति वि. म. के रसास्वाद के साथ **त्रिपुराभारतीस्तवः** प्रकाशित हो रहा है । यह प्रकाशन विद्वज्जनो में स्थान प्राप्त करेगा ऐसा हमे विश्वास है ।

इस ग्रन्थमाला के प्रधान प्रेरक शासन प्रभावक पूज्य आचार्यदेव **श्रीमद् विजयहेमभूषणसूरीश्वरजी महा. सा.** की प्रेरणा से

श्री हसमुखलाल चुनीलाल मोदी चेरीटेबल ट्रस्ट-मुंबई ने ग्रन्थ प्रकाशित करने का लाभ लिया है । आपकी श्रुतभक्ति को भूरिशः अनुमोदना ।

ज्ञाननिधि से प्रकाशित इस ग्रन्थ का उपयोग करने से पहेले गृहस्थवर्ग ज्ञाननिधि में उचित मूल्य अवश्य प्रदान करें यही विनंति ।

प्रवचन प्रकाशन

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

विषयानुक्रमः

सम्पादकीय	मुनि वैराग्यरतिविजय	५-६
विमर्श	मुनि वैराग्यरतिविजय	७-३२
तेरा ध्यान न जो करे	मुनि प्रशमरतिविजय	३३-३८
प्रवेश	मुनि धुरंधरविजय	३९-४०
त्रिपुराभारतीस्तवः		
ज्ञानदीपिका	पू. आ. श्री सोमतिलकसू०	१-५५
पञ्जिका	अज्ञात	५६-७३
परिशिष्ट		७४-७८

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

सम्पादकीय

'**श्रीत्रिपुराभारतीस्तवः**' आचार्य श्रीसोमतिलकसूरिजी कृत ज्ञानदीपिका व्याख्या और अज्ञातकर्तृक पञ्जिकावृत्ति के साथ प्रकाशित हो रहा है । पं० श्री लक्ष्मणदत्त शास्त्री कृत ज्ञानदीपिका व्याख्या का हिन्दी अनुवाद भी इसमें सामिल है । यह कृति पहले '**लघुस्तवराजः**' इस नाम से प्रकाशित हुई है । (प्रका० क्षेमराज कृष्णदास, मुंबई, सं० १९७०) साक्षर श्री जिनविजयजी के सम्पादन में ज्ञानदीपिका, और पञ्जिका व्याख्या के साथ '**त्रिपुराभारती-लघुस्तवः**' के नाम से प्रकाशित हुई है (प्रका० राजस्थान पुरातत्त्व मंदिर जयपुर) इन दोनो मुद्रित पुस्तको के आधार पर और **आचार्यश्री कैलाससागरसूरि ज्ञानमंदिर, कोबा** से प्राप्त हस्तलिखित प्रत (लि० सं० १६८४, जोधपुर) के आधार पर प्रस्तुत सम्पादन सम्पन्न हुआ है ।

पुराने सम्पादन की मुद्रणादिगत अशुद्धिओं का सम्मार्जन इस सम्पादन में किया है । हस्तलिखित प्रत के आधार पर पाठ संशोधन युवामनीषी **मुनिप्रवर श्री मोक्षरति विजयजी** म. सा. ने किया है । विद्वद्वर्य **मुनिप्रवरश्री धुरंधरविजयजी म० सा०** ने संक्षिप्त प्रवेश लिखकर प्रस्तुत संपादन का गौरव बढ़ाया है । पं० श्री अमृतभाई पटेल का भी प्रस्तुत सम्पादन में प्रदान है ।

श्रीजिनविजयजी द्वारा सम्पादित आवृत्ति के पाठ भेद 'जि०' संज्ञा से उद्धृत किये है ।

अन्त में, यह स्तोत्र तन्त्रमूलक है । इसको पुरानी आवृत्ति अति जीर्णावस्था में थी । उसका नाश न हो यही एक शुभभावना से यह सम्पादन संपन्न हुआ है । ग्रन्थ में वर्णित सामग्री का गैर-उपयोग करने वाला साधक सिर्फ अपने संसार की वृद्धि करेगा ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

कृतज्ञता दर्शन :

श्री जिनशासन के परम तेजस्वी अधिनायक तपागच्छाधिराज स्मृतिशेष परम पूज्य आचार्यदेव श्रीमद् **विजयरामचन्द्रसूरीश्वरजी** म. सा., स्वनामधन्य गच्छाधिपति पूज्यपाद आचार्यदेव श्रीमद् **विजयमहोदयसूरीश्वरजी** म. सा., पितृगुरुवर बहुश्रुत मुनिप्रवर **श्री संवेगरति विजय**जी म. सा. की अनहद कृपावृष्टि, श्रुतभक्ति के सर्व कार्यो में हंमेश बरसती रहती है । मेरी श्रुतसाधना उनकी कृपा का ही फल है ।

श्रुत और संयम की साधना में सतत सहयोगी अभिन्नमना गुरुभ्राता मुनिवर **श्री प्रशमरति विजयजी** को भूलना असम्भव ही है ।

मार्गशीर्ष शुक्ला दशमी,
३०, जैन मरचन्ट सोसायटी
पालडी, अहमदाबाद

वैराग्यरतिविजय

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

॥ ॐ ऐं सरस्वत्यै नमः ॥

विमर्श

'श्रीत्रिपुराभारतीस्तवः' की पृष्ठभूमि 'तन्त्रशास्त्र' है । त्रिपुराभारतीस्तोत्र के द्वितीय पद्य के '**वयम्**' पद की व्याख्या पञ्जिकावृत्तिकार ने इस प्रकार की है **वयम्** = **शाक्तेयाऽऽगमविदः** । शाक्त सम्प्रदाय जो कि शक्ति का उपासक है, शैवदर्शन की तत्त्वप्रणालिका का अनुसरण करता है । ज्ञानदीपिका व्याख्या के कर्त्ता आचार्यदेव श्रीसोमतिलकसूरि म. कृत निर्देश अत्यन्त स्पष्ट है । पंद्रहवें पद्य में व्याख्याकार ने शंका के उत्तर में कहा कि-''शिव और शक्ति दोनों भिन्न है । और वही परमार्थमय है ।[१]'' शिव और शक्ति का यह भेद पक्ष शैवदर्शनाभिमत है । इसलिये 'तन्त्र' को समझना आवश्यक और प्रस्तुत होगा ।

'तन्त्र' शब्द अनेक अर्थ में प्रयुक्त हुआ है । सिद्धांत-व्याख्या-मीमांसा-विचार-औषधि-जादु-उपाय-प्रकरण-अधिकार-नियमन-शासन-धर्म-कर्तव्य-समूह-आनंद-व्यवहार प्रचलित अर्थ है । प्रस्तुतार्थ में विवक्षित तन्त्र शब्द 'शास्त्रविशेष' रूप अर्थ का वाचक है । जिसमें तन्त्र का वर्णन हो वह शास्त्रविशेष = तन्त्रशास्त्र । तन्त्रशास्त्र के दो प्रकार है (१) दार्शनिक तन्त्रशास्त्र (२) प्रायोगिक तन्त्रशास्त्र । दोनो प्रकार के शास्त्र के साथ इस लघुस्तव का सम्बन्ध है इसलिए दोनों का विवरण करना उचित होगा ।

---

१. ननु शक्तेरपि शिवात्मकत्वात् तन्नाशे तस्या अपि नाश इति चेन्न, शिवव्यतिरिक्तायाः शक्तेः परमार्थमयत्वात् ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

तनोति विपुलानर्थान् तत्त्व-मन्त्रसमन्वितान् ।
त्राणं च कुरुते यस्मात् तन्त्रमित्यभिधीयते ॥

पुर्यष्टक पदवाच्य तीस तत्त्व एवं मन्त्रपदप्राप्त जीव पदार्थो के साथ अनेक पदार्थ का विस्तार करने वाला शास्त्र (और) जिसमें त्राण करने की शक्ति है 'तन्त्र' कहलाता है । तन्त्र का यह निरुक्तिलभ्य अर्थ है । दार्शनिक क्षेत्र में तन्त्रशास्त्र पाशुपत मत एवं शैवमत के नाम से प्रसिद्ध है । पाशुपत मत प्राचीन है, उसके प्रवर्तक नकुलीश है । दोनों मत में समानता है । भेद अल्प ही है ।

शैवदर्शन :

शैवदर्शन में तीन मुख्य तत्त्व है । (१) पति (२) पशु (३) पाश, 'पति' का अर्थ है परमेश्वर शिवतत्त्व । पशु से अर्थ है जीवात्मा और पाश का मतलब है बंधन । पाश से बद्ध जीव की मुक्ति हेतु पाश के मूल का ज्ञान, पाशमुक्ति के साधनों का ज्ञान एवं तत्त्वज्ञान आवश्यक है इसलिए ये तीन ज्ञान गौण पदार्थ के रूप में स्वीकृत है ।[१]

पति :

पति का अर्थ है—ईश्वर (**पतिरीश्वरः** स० द०) शैवदर्शन में पति के रूप में 'शिवतत्त्व' को माना जाता है । 'शिव' शब्द के व्युत्पत्तिलभ्य अर्थ मंगल-कल्याण-मोक्ष इत्यादि है । लेकिन प्रस्तुत में प्रवृत्तिनिमित्तलभ्य पारिभाषिक अर्थ अभिप्रेत है । शिव का मतलब है शिवत्व धर्म के साथ जिसका सम्बन्ध हो । शिवत्वधर्म का मतलब पाशमुक्तता । पति = परमेश्वर है अनादि पाशमुक्त है । इसलिये शिवत्वयुक्त = शिव है । ईश्वर के अनुग्रह

---

१. **पतिविद्ये तथाविद्या पशुः पाशश्च कारणम् ।**
तन्निवृत्ताविति प्रोक्ताः पदार्थाः षट् समासतः ॥

यद्यपि मुख्यानि तत्त्वानि पति-पशु-पाशरूपाणि त्रिण्येव तथापि पाशमूलस्य पाशनिवृत्तिसाधनस्य च ज्ञानं तत्त्वज्ञानं चेत्येतत्त्रयमप्यावश्यकमिति षडतत्त्वान्यत्रोक्तानीति बोध्यम् । (सर्वदर्शनसङ्ग्रह)

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

से जिस जीवात्मा को 'मन्त्र' पद प्राप्त है वे भी **'शिव'** स्वरूप है । मन्त्र जीव, कर्म और शरीर से मुक्त होते है । उनकी सङ्ख्या सात कोटि है । और इतर जीव पर अनुग्रह करते है ।[१]

पाशमुक्त होने के कारण मुक्तात्मा भी शिवत्व योगी होते है । शिवतत्त्व के वाचक शब्द एवं शिवत्व की प्राप्ति के उपायभूत साधन भी उपचार से शिवत्व योगी होने से 'शिव' है ।[२]

शैव दर्शन में पति पदार्थ बहुत महत्त्वपूर्ण है । पुरोगामी नाकुलीशपाशुपतदर्शन से शैव दर्शन में 'पति' को अधिक महत्त्व प्राप्त है । नाकुलीश दर्शन अनुसार मुक्तात्मा स्वतन्त्र है । शैव दर्शन में मुक्तात्मा स्वतन्त्र नही अपितु शिव परतन्त्र है ।[३]

मुक्तात्माओं की तरह विद्येश्वरादि पदस्थित आत्माओं को ईशानुग्रह से शिवत्त्व प्राप्त है (जिनकी संख्या आठ है) वे भी परमेश्वर को परतन्त्र ही है ।

परमेश्वर जगत्कर्ता है और सृजन-पालन-संहार-तिरोभाव और अनुग्रह करण यह पांच उसके कृत्य है ।[४]

सर्जनादि कृत्य ईश्वर जीवात्मा के कर्म को आधीन रहकर निवर्तन करता है यह शैवदर्शन का मत है । नकुलीश पाशुपत के मतानुसार ईश्वर स्वाधीन रहकर ही सर्जनादि कृत्य करता है ।

---

१. मन्त्राश्च कर्मणा शरीरेण च मुक्ताः केवलेन मलेन युक्ताः जीवविशेषा एव । ते य सप्तकोटिसङ्ख्याका इतरजीवानुग्राहकाश्च भवन्ति ।

२. एवं च शिवशब्देन शिवत्वयोगिनां मन्त्र-मन्त्रेश्वरमहेश्वरमुक्तात्मशिवानां सवाचकानां शिवत्वप्राप्तिसाधनेन दीक्षादिनोपायकलापेन सह पतिपदार्थे सङ्ग्रहः कृतः ।

३. मुक्तात्मनां विद्येश्वरादीनां च यद्यपि शिवत्वमस्ति तथापि परमेश्वरपारतन्त्र्यात् स्वातन्त्र्यं नास्ति ।

टी. ४ पञ्चविधं तत्कृत्यं सृष्टि-स्थिति-संहार-तिरोभावः ।
तद्वदनुग्रहकरणं प्रोक्तं सततोदितस्यास्य ॥ भोजः

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

शैव दर्शन में 'अनुग्रहकरण' कृत्य की अवधारणा विशिष्ट है । जीवात्मा पाशमुक्त बन के शिवस्वरूप ईश्वरानुग्रह से ही हो सकता है । मुक्तात्मा-अनंतादि आठ विद्येश्वर के शिवत्व में भी ईशानुग्रह कारण है ।[१]

ईश्वर जीवात्मा को मन्त्र और मन्त्रेश्वर पदवी प्रदान करता है । (मन्त्रेश्वर = मन्त्र पदवी की पात्रता प्राप्त करने वाले जीवविशेष ।[२])

मलादि पाशों का परिपाक हो जाने पर जीवात्माकी क्रिया शक्ति का आच्छादन करने वाली रोधशक्ति का विनाश होता है । जिस जीवात्मा की आच्छादन शक्ति को रोध हो गया है वह मोक्षाधिकारी है । मोक्षाधिकारी जीव को परमेश्वर स्वयं गुरु मूर्ति में अधिष्ठान करके दीक्षा और मोक्ष का दान करता है ।[३]

इस प्रकार शैवदर्शन की ईश्वर सम्बन्धी संकल्पना इतर दर्शन से नितांत भिन्न प्रतीत होती है । इस संकल्पना का दार्शनिक जगत पर गहरा प्रभाव है ।

पशु :

शैवमत में द्वितीय पदार्थ 'पशु' है । पाश से बद्ध जीवात्मा की 'पशु' संज्ञा है । जीवात्मा को 'पशु' शब्द से संबोधित करने का रहस्य यह है कि पशु और जीव के गुणधर्म समान है । श्वान वि० पशु जिस तरह अपने मालिक मनुष्य की इच्छा के आधीन होते है, उसी तरह जीवात्मा परमेश्वर के आधीन है । इसलिए वे पशु है । महेश्वर उनका पति है, मालिक है । मनुष्य की अपेक्षा गाय वि० पशुगण अल्पज्ञानी है इसलिये पशु है, वैसे ही

---

१. मुक्तात्मानोऽपि शिवः किन्त्वेते यत्प्रसादतो मुक्ताः स० टी० ।

२. शतमष्टादश तेषां कुरुते स्वयमेव मन्त्रेशान् । टी० मण्डल्यादयोऽष्टादशाधिक शतसङ्ख्या मन्त्रेश्वरा जीवविशेषाः ।

३. तत्परिपाकाधिक्यानुरोधेन शक्त्युपसंहारेण दीक्षाकरणेन मोक्षप्रदो भवत्याचार्य मूर्तिमास्थाय परमेश्वरः ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

परमेश्वर की अपेक्षा से जीवात्मा अल्पज्ञ होने से पशु है ।[१]

जीवात्मा व्यापक है, नित्य है, अनेक (= प्रतिशरीर भिन्न) है, कर्ता है ।

जीवात्मा = पशु के तीन भेद है ।

सकल, प्रलयाकल और विज्ञानाकल ।

अन्य रीति से देखा जाये तो जीवात्मा के दो भेद है—सकल और निष्कल । सकल = कलासे सहित जीवात्मा । निष्कल = कला सम्बन्ध से रहित जीवात्मा । निष्कल पशु के दो प्रकार है । सृष्टि के प्रलय के कारण अकल और विज्ञान के कारण से अकल ।

सकल :

'माया' समग्र. सृष्टि का मूलभूत तत्त्व है । प्रलयकाल में भी माया का नाश नहीं होता । उस समय में उसकी बीजावस्था होती है । सृष्टि के आरंभकाल में परमेश्वर के सन्निधान से माया का कला के रूप में परिणाम होता है । 'कला' माया का सर्वप्रथम परिणाम है । कला स्वयं अचेतन है फिर भी चेतन को परतन्त्र रहती है ।[२] वह सूक्ष्मतर है और सत्त्वादि गुणत्रय से रहित है । प्रलयकाल में कला का विनाश होता है ।

कला से 'काल' की उत्पत्ति होती है, काल एक ही है ।

काल से पुण्यापुण्य कर्म रूपा 'नियति' जन्म लेती है । नियति से 'विद्या' का प्रादुर्भाव होता है । विद्या का अर्थ है जीवात्मा का चित्तनामक गुण, विद्या प्रतिजीव भिन्न है । विद्या से 'राग' की उत्पत्ति मानी गइ है,

---

१. **ब्रह्माद्याः स्थावरान्ताश्च देवदेवस्य शूलिनः ।**
पशवः परिकीर्त्यन्ते समस्ताः पशुवर्तिनः ॥
ब्रह्माद्याः स्थावरान्ताश्च पशवः परिकीर्तिताः ।
तेषां पतिर्महादेवः श्रुतः पशुपतिः श्रुतौ ॥

२. चेतनपरतन्त्रत्वे सति अचेतना कला ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

राग भी प्रतिप्राणि भिन्न है । 'राग' से 'प्रकृति' पैदा होती है और प्रकृति से तीन 'गुण' (सत्त्व-रजस्-तमस्) जन्म लेते है ।

कला-काल-नियति-विद्या-राग-प्रकृति और गुण इन सातत्त्वों को 'कलादि सप्तक' कहा जाता है ।

सत्त्वादि तीन गुण से मन-बुद्धि-अहंकाररूप अन्तःकरण उत्पन्न होता है । तीन गुण से ही शब्दादि पंच विषय उसके आश्रयभूत पंचमहाभूत, पंचतन्मात्र, पाँच ज्ञानेन्द्रिय और पाँच कर्मेन्द्रिय की उत्पत्ति होती है ।

कलादि सात + अन्तःकरण त्रय + पंच विषय + पंचतन्मात्र + पंच ज्ञानेन्द्रिय + पंच कर्मेन्द्रिय = इन तीस तत्त्वो की पुर्यष्टक संज्ञा है । इन तीस तत्त्वो की सहाय से सूक्ष्म देह का निर्माण होता है । सूक्ष्मदेह से स्थूलदेह जन्म लेता है ।[१]

कलादि तीस तत्त्वो से युक्त जीवात्मा की 'सकल' संज्ञा है । शैवाभिमत सृष्टिउत्पत्ति की प्रक्रिया सांख्यदर्शन से मिलती जुलती है ।

प्रलयाकल :

'कला' की उत्पत्ति सृष्टि के आरंभ काल में होती है । प्रलयकाल में स्थूल पृथ्व्यादि से लेकर कला तकके पदार्थो का उपसंहार होता है । कला के उपसंहार से प्रलयकाल में जीवात्मा को अकल अवस्था प्राप्त होती है । उसको प्रलयाकल कहते है । साधारण जीवात्मा का संसार में आवर्तन प्रलयकाल पूर्ण होने के बाद पुनः प्रारंभ होता है । जिस जीवात्मा के कर्म पाश और मल पाश परिपक्व हो जाते है वह मोक्ष प्राप्त कर लेता है ।[२]

---

१. **स्यात् पुर्यष्टकमन्तःकरणं धीकर्म करणानि** । पुर्यष्टकं नाम प्रतिपुरुषं नियतः सर्गादारभ्य कल्पान्तं मोक्षान्तं वा स्थितः पृथिव्यादिकलापर्यन्तस्त्रिंशत्तत्त्वात्मकः सूक्ष्मो देहः ।

२. प्रलयाकलोऽपि द्विविधः-पक्वपाशद्वयस्तद्विलक्षणश्च । तत्र प्रथमो मोक्षं प्राप्नोति, द्वितीयस्तु पुर्यष्टकवशान्नानाविधजन्मभाग् भवति ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

विज्ञानाकल :

परमेश्वर के स्वरूप का विज्ञान, होने से जिस अकल अवस्था की प्राप्ति होती है उसे विज्ञानाकल कहते है । उस अवस्था में जीवात्मा तीन पाश से मुक्त हो जाता है, केवल 'मल' नामक पाश से बद्ध होता है । जब मलगत रोधशक्ति का नाश हो जाता है तब मलका परिपाक होता है । जैसे जैसे मलका परिपाक होता है, जीवात्मा के स्वरूप को आवरण करनेवाली शक्ति का नाश होता है । जिस जीवात्मा का मल परिपक्व हो चूका है उन पर परमेश्वर का अनुग्रह होता है । ईश्वर उन्हें विद्येश्वर पद का दान करता है । जिनका मल परिपक्व नही हुआ उन्हें 'मन्त्र' पद प्रदान करता है । कर्म और शरीर से मुक्त, लेकिन मल से युक्त जीवात्मा को 'मन्त्र' ऐसी विशेष संज्ञा प्राप्त है । प्राकृत जीवात्मा से इनकी शक्ति अधिक होती है । वे सात कोटि संख्या में है और इतर जीव पर अनुग्रह करने की शक्ति से सम्पन्न है ।[१]

इस तरह पशु तत्त्व के पाँच भेद है ।

१. सकल = संसारवर्ति जीवात्मा ।

२. अपक्वकलुष प्रलयाकल = भविष्य में संसारगामि जीवात्मा ।

३. पक्वकलुष प्रलयाकल = भविष्य में मोक्षगामि जीवात्मा ।

४. असमाप्तकलुष विज्ञानाकल = मन्त्रपद प्राप्त जीवात्मा ।

५. समाप्तकलुष विज्ञानाकल = मुक्त जीवात्मा ।

पाश :

'पशु' तत्त्व का पारमार्थिक बोध होना, 'पाश' तत्त्व के बोध विना

---

१. तत्र प्रथमो द्विप्रकारो भवति समाप्तकलुषासमाप्तकलुषभेदात् । तत्राद्यान् कालुष्यपरिपाकवतः पुरुषधौरेयान् अधिकारयोग्यान् अनुगृह्य अनन्तादि-विद्येश्वराष्टपदं प्रापयति । अन्त्यान् सप्तकोटिसङ्ख्यातान्मन्त्रान् अनुग्रहकरणान् विधत्ते ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

असंभव है । पाश तत्त्व, पशुत्व से संबद्ध है । 'बंधन' पाशपद का सामान्य अर्थ है । शिवस्वरूप जीवात्मा की पशुता के कारणभूत पाश चार प्रकार के है ।

मलपाश, कर्मपाश, मायापाश, रोधशक्ति पाश (अन्यत्र पाँच पाश का भी वर्णन मिलता है ।[१] 'बिंदु' इस पाश का नाम है । माया स्वरूप है । चारों पाश की विमुक्ति के पश्चात् 'बिंदु' नामक पाश से बद्ध होने पर भी जीव मुक्त हो जाता है, केवल यह मुक्ति गौण है । यह पाश विद्येश्वर पद प्रदाता है । विद्येश्वर पद्य अपर मुक्ति है । पर मोक्ष शिवतत्त्व प्राप्ति है । वस्तुतः इस पाश में बंधनशक्ति भाव नही है । इसलिये उसको पाश में नहीं गिना जाता) ।

मलपाश :

जीवात्मा स्थित अनादि दुष्टभाव को 'मल' कहा जाता है । मल के पाँच प्रकार है ।

१. **मिथ्याज्ञान**

२. **अधर्म** दोनों के अर्थ स्पष्ट है ।

३. **सक्तिहेतुः** विषयसंनिधानादि विषयासक्तिजनककारणकलाप

४. **च्युतिः** सदाचार से भ्रष्ट होना

५. **पशुत्वमूलः** पशुता प्रापक अनादि संस्कार ।[२]

'मल' जीवात्मा की स्वाभाविक ज्ञान शक्ति को और क्रियाशक्ति को आवृत्त करके निष्क्रिय कर देता है । जिस तरह 'तुष' चावल के मूल स्वरूप का आच्छादन करता है । 'कालिमा' तांबे की चमक को ढंक देती है उसी

---

१. **अर्थपञ्चकं पाशाः ।**

२. आत्माश्रितो दुष्टभावो मलः । स च मिथ्याज्ञानादि भेदात् पञ्चविधः । **मिथ्याज्ञानमधर्मश्च सक्तिहेतुश्च्युतिस्तथा । पशुत्वमूलं पञ्चैते तन्त्रे हेया विविक्तितः ।**

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

तरह मल ज्ञान-क्रिया शक्ति का आवरण करता है ।[१]

शक्ति :

विश्व के हरेक पदार्थ में ज्ञान या क्रिया स्वरूप सामर्थ्य है । अग्नि में दाह करने का सामर्थ्य है । जल में शीतलता का सामर्थ्य है । अंधकार में स्वरूपाच्छादन का सामर्थ्य है । वस्तुगत सामर्थ्य 'शक्ति' है । हरेक शक्ति अपने आश्रयभूत द्रव्य का आधार लेकर प्रवृत्त होती है और अन्य पदार्थ पर अपनी असर छोड़ती है । यह असर अच्छी (Positive) भी हो सकती है और बूरी भी (Negative) । अच्छी या बूरी असर शक्ति के सदुपयोग या दुरूपयोग पर अवलंबित है । पाशगत रोधशक्ति पाश का आधार लेकर न केवल आत्मस्वरूप को आच्छादित करती है अपितु उसे अकार्य में प्रवृत्त भी करती है ।

हरेक आत्मा ज्ञानशक्ति और क्रिया शक्ति से सम्पन्न है । 'मल' आत्मा की शक्ति का अवरोधक है । ज्ञानशक्ति को दृक्शक्ति के नाम से पहेचाना जाता है । दृक्शक्ति एक ही है फिर भी विषय के भेद से उसके पाँच औपचारिक भेद है ।[२]

(१) दर्शनशक्ति : इन्द्रिय जन्य ज्ञान ।

(२) श्रवणशक्ति : श्रोत्रेन्द्रियजन्य बोध, श्रवण यद्यपि इन्द्रियजन्य ही है फिर भी तत्त्वज्ञान का अभ्यर्हिततम कारण है, इस कारण से पृथक् गिना जाता है ।

(३) मननशक्ति : मनोजन्य ज्ञान ।

(४) विज्ञानशक्ति : शास्त्रो का अविपरीत, निःसंदिग्ध, सूत्र और अर्थ जन्य बोध ।

---

१. **एको ह्यनेकशक्तिर्दृक्क्रियाच्छादको मलः पुंसाम् ।**
तुषतण्डुलवज्ज्ञेयः ताम्राश्रितकालिमावद्वा ॥

२. तत्र दृक्शक्तिरेकापि विषयभेदात् पञ्चधोपचर्यते दर्शनं श्रवणं मननं विज्ञानं सर्वज्ञत्वञ्चेति । एषा धीशक्तिः ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

(५) सर्वज्ञताशक्ति : सर्व वैश्विक पदार्थों का संक्षेप और विस्तार से कार्यकारणादि तत्त्व के रूप में ज्ञान ।

क्रियाशक्ति :

क्रियाशक्ति के तीन औपचारिक भेद है ।

मनोजवित्व शक्ति = क्रिया में गति की शक्ति (Speed) । **(निरतिशयशीघ्रकारित्वम्)**

कामरूपित्व शक्ति = शरीरेन्द्रियादि का रूपांतरण करने की शक्ति ।

विकरणधर्मित्व शक्ति = शरीरादि का उपसंहार होने के बाद भी ऐश्वर्य धारण करने की शक्ति ।

(दार्शनिक जगत में शक्ति की अवधारणा प्रचलित है । न्याय मन शक्ति को अतिरिक्त पदार्थ के रूप में स्वीकार नहीं करता, मीमांसा के अनुसार शक्ति स्वतन्त्र पदार्थ है ।)

कर्मपाश :

'जीवात्मा फल के उद्देश्य से प्रवृत्ति करता है ।' उस प्रवृत्ति को कर्म कहते है । वह अनादि है । धर्म और अधर्म उसके दो भेद है । जीवात्माओं द्वारा अनुभूत फल वैचित्र्य कर्मनामक पाश के कारण से है ।[१]

मायापाश :

माति याति चास्मिन् सर्वम् इति माया ।

प्रलयकाल में प्रत्येक पदार्थ का समावेश माया में होता है और सृष्टि काल में प्रत्येक पदार्थ की उत्पत्ति माया से होती है । जगत की मूलभूत प्रकृति का नाम 'माया' है । माया से ही कलादि तीस तत्त्वो का जन्म होता है ।[२]

---

१. क्रियते फलार्थिभिरिति कर्म धर्माधर्मात्मकं बीजाङ्कुरवत् प्रवाहरूपेण अनादि ।

२. माति अस्यां शक्त्यात्मना प्रलये सर्वं, जगत्सृष्टौ व्यक्तिम् आयाति इति माया ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

(अद्वैत वेदांत में माया को ब्रह्म का विकार माना गया है । शैवदर्शन द्वैतवादी है । माया शिव से अतिरिक्त है और सांख्य के प्रकृतितत्त्व की तरह जगदुत्पत्ति का मूल है ।)

रोधशक्तिपाश :

मल-कर्म और माया में जो आवरण शक्ति है उसे 'रोधशक्ति' कहते है । आत्मा की दक्रिया शक्ति और पाश की रोधशक्ति परस्पर विरूद्ध है । यह एक नकारात्मक शक्ति है और पाश का अधिष्ठान करके कार्य करती है । स्वतन्त्र न होने के कारण रोधशक्ति को औपचारिक पाश कहते है ।[१]

मल-कर्म-माया और रोधशक्ति इस चार पाश से 'पशु' बद्ध है । पाश के कारण जीवात्मा की दक्शक्ति और क्रियाशक्ति आच्छादित-कुंठित-आवृत्त है । मल का परिपाक होने से पाशगत रोधशक्ति का ह्रास होता है । रोधशक्ति को ह्रास होने पर विद्यमान पाश भी अविद्यमान तुल्य बन जाते है । ऐसे जीवात्मा पर परमेश्वर = पति = शिव का अनुग्रह होता है और उसे मन्त्रेश्वर पद मिलता है । मलादि पाशों का पूर्ण परिपाक हो जाने पर रोधशक्ति का पूर्ण नाश होता है । ऐसा जीव मोक्षाधिकारी है । परमेश्वर गुरुमूर्ति का अधिष्ठान करके जीवात्मा को दीक्षा प्रदान करता है और मुक्ति देता है ।

यह शैव मत का संक्षिप्त दार्शिनक स्वरूप है ।

पाशगत रोधशक्ति के नाशक उपायो का वर्णन नाकुलीश पाशुपत और शैवदर्शन में एक ही है ।

नाकुलीशपाशुपत मत में पाशमुक्ति के उपायभूत पाँच पदार्थ का ज्ञान आवश्यक माना जाता है । कार्य-कारण-योग-विधि-दु:खान्त । इन पाँच पदार्थो में से यहाँ तृतीय और चतुर्थ योग और विधि उपाय प्रस्तुत है ।

---

१. बलं रोधशक्ति: । अस्या: शिवशक्ते: पाशाधिष्ठानेन पुरुषतिरोधायकत्वाद् उपचारेण पाशत्वम् ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

योग :

योग, चित्त की सहायता लेकर जीवात्मा का ईश्वर के साथ सम्बन्ध जोड देता है । योग के दो प्रकार है । क्रियायोग और क्रियोपरम योग ।

जप-ध्यानादि क्रियायोग है और निष्क्रिय अवस्था की साधना क्रियोपरम योग है । परमेश्वर में अनन्य भक्ति, तत्त्वज्ञान, शरणागति आदि क्रियोपरम योग है ।[१]

विधि :

'विधि' के आचरण द्वारा जीवात्मा परमेश्वर की समीप पहुंचता है । विधि के दो भेद है । मुख्य विधि और गौण विधि मुख्य विधि को चर्या कहते है । चर्या के भी दो प्रकार है । व्रत चर्या और द्वारभूत चर्या ।

व्रतचर्या : दिन में तीन बार भस्म से स्नान करना, भस्म में शयन करना, उपहार (नियम) का पालन, जप, प्रदक्षिणा वि० चर्या में है । जोर जोर से हंसना, गाना, नृत्य करना, हुहुहु शब्द का नाद, नमस्कार और जाप यह छः क्रिया उपहार के अन्तर्गत है । उपहार स्वरूप यह पाशमुक्ति उपाय शिष्ट जनाचरण से विरुद्ध प्रतीत होता है । पाशमुक्ति और उपहार के बीच क्या कार्य कारण भाव है यह प्रश्न का उत्तर कठिन है । चर्यागत उपहार के लिये सूचना दी गइ है कि उपहार का पालन एकांत में ही करना चाहिए अन्यथा लोक निन्दा आदि से साधक का चित्त विक्षिप्त हो सकता है । इसीलिये यह साधना विधि गूढ रखी जाती है । वस्तुतः लोक विपरीत साधना मार्ग, एकांत और गुप्तता यही तन्त्र के वाममार्ग के बीज बन गये ऐसा अनुमान करने में कोई बाधा नहीं ।

चर्या का यथाविधि सम्पादन करने के लिये द्वारभूत छः कर्मो का उपदेश है ।

---

१. चित्तद्वारेण आत्मेश्वरसम्बन्धहेतुः योगः । स च द्विविधः क्रियालक्षणः क्रियोपरमलक्षणः च । तत्र जपध्यानाधिरूपः क्रियायोगः । क्रियोपरम-लक्षणः तु निष्ठासंविद्-गत्यादिलक्षणः ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

क्राथन = मृतवत् सोना, **स्पंदन** = भूताविष्ट प्राणी की तरह शरीर को जोरों से हीलाना, **भेदन** = पंगु की तरह चलना, **शृंगार** = कामी स्त्री पुरुष की तरह विलास, **अवितत्ककरण** = विवेकहीन व्यक्ति की तरह लोकनिंद्य कार्य, अवितथभाषण = यद्वातद्वा भाषण ।

मुख्य विधि का उपकारी अनुस्नान, आचमन-शुचिता-नैमित्तिक भस्मस्नान-निर्माल्यधारण इत्यादि **गौण विधि** है ।

तन्त्रशास्त्रोक्त साधनामार्ग का यह दिङ्मात्र दर्शन है ।

इस विमर्श में अब तक जिस अर्थ में 'तन्त्र' शब्द का प्रयोग हुआ है । वह दार्शनिक किंवा सैद्धांतिक है । तन्त्र शब्द शास्त्रीय संदर्भ में जिस अन्य अर्थ में प्रयुक्त होता है वह है मन्त्र-यन्त्र इत्यादि का प्रयोग । स्पष्टता से दोनो का भेद समज ने के लिये संज्ञा भेद करना आवश्यक है । दार्शनिक संदर्भ में 'तन्त्रदर्शन' शब्द का व्यवहार और मन्त्रादि के संदर्भ में 'तन्त्रप्रयोग' शब्द का व्यवहार करने से सादृश्य की भ्रान्ति नहीं होगी ।

तन्त्र प्रयोग :

सामान्य मानव अपने मन में अनेकविध आकांक्षा लेकर जीवन व्यतीत करता है । आकांक्षा की पूर्ति के लिये द्रव्योपार्जनादि प्रवृत्ति करता है । जब भौतिक संसाधनों से उसकी मानसिक आकांक्षा पूर्ण नहीं होती या फिर उसे ऐसी संभावना नहीं दिखती तब उसके पैर सहसा अभौतिक संसाधनों की और मूडते है । मनुष्य से अधिक अभौतिक शक्ति से सम्पन्न जीवात्मा जिसे लिये 'देव' शब्द का प्रयोग होता है—'उनकी सहाय पाकर ऐहिक आकांक्षा की पूर्ति करना' इसी सिद्धांत के आधार पर तन्त्र-प्रयोग का प्रवर्तन हुआ है । तन्त्र प्रयोग में आत्मिक उत्कर्ष या विशुद्धि का कोइ संदर्भ नहीं है । तन्त्र दर्शन और तन्त्र प्रयोग में जो वैषम्य है उसको समज लेना आवश्यक है ।

तन्त्रदर्शन	आध्यात्मिक है
तन्त्रप्रयोग	भौतिक और दैविक है

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

तन्त्रदर्शन	आत्मविशुद्धि का पक्षपाती है
तन्त्रप्रयोग	ऐहिक आकांक्षा का पक्षपाती है ।

तन्त्रदर्शन में उद्देश्य शिवतत्त्व निर्दोष और निर्विकारी है । तन्त्र प्रयोग में उद्देश्य सदोष और विकारी है । तन्त्र दर्शन में उपाय मुक्ति के विधि चर्यादि है । तन्त्रप्रयोग में सिद्धि के उपाय होम-बलिआदि जो हिंसा से व्याप्त है । तन्त्रदर्शन की साधना पाशमुक्ति के लिये है । तन्त्रप्रयोग की साधना दु:ख मुक्ति के लिये है ।

ऐहिक आकांक्षाओं की पूर्ति के लिये तन्त्रप्रयोग का प्रचलन हुआ है । तन्त्रप्रयोग में अ-भौतिक दैवी तत्त्वो की शक्ति का सहारा लिया जाता है । देव की शक्ति का उपयोग करने के लिये देव को प्रसन्न करना जरूरी है, उनका सम्पर्क करना जरूरी है, उनका ध्यान आकृष्ट करना जरूरी है । तन्त्रप्रयोग दैवी शक्ति के जागरण का मार्ग है । मन्त्र और यन्त्र के माध्यम से देव का सम्पर्क किया जाता है, देव के साथ अनुसन्धान रखने वाले शक्ति सम्पन्न शब्द 'मन्त्र' से अभिप्रेत है । देव के साथ सम्बन्ध रखनेवाली आकृतिविशेष 'यन्त्र' है । प्रसन्न देव ही ईप्सित कार्यो का सम्पादन करने में सहायक बनते है इसलिये देवविशेष को प्रसन्न करने वाली पूजाविधि का प्रयोग होता है । पूजाविधि में द्रव्यार्पण एवं होम आदि होते है । निश्चल मन:पूर्वक मन्त्र जाप करने से देव वश में आते है ।

देव की दो कोटियाँ है । उच्च और निम्न । शांति-पुष्टि आदि उच्च कार्यो में सहाय करनेवाले देव उच्च कोटि के है । इन देवो की पूजाविधि भी निर्दोष होती है । मारणादि हीन कार्यो में सहाय करने वाले देव हीन कोटि के है । हीन द्रव्य, हीन आचार, हीन पूजाविधि से ये प्रसन्न होते है और क्रूर कर्मी होते है ।

कार्य या फल की अपेक्षा से तन्त्र प्रयोग में साधक के दो वर्ग हो गये (१) दक्षिण मार्गी (२) वाममार्गी । उच्च देव की आराधना और सौम्य साधनामार्ग अपनाने वाले तान्त्रिक दक्षिण मार्गी होते है, इनसे ठीक विपरीत वाममार्गी होते है । वाम मार्ग में पंचमकार का सेवन किया जाता है । मद्य-

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

मांस-मत्स्य-मुद्रा-मैथुन यह पंचमकार है । दक्षिण मार्ग में पंचमकार का सात्त्विक अर्थ किया जाता है ।[१] हाँलाकि पंचमकार का सेवन अनिवार्य नहीं माना जाता ।

देवो को प्रसन्न करके उनके द्वारा इप्सित कार्यसिद्धि की जाती है । जिसे कर्म कहते है । कर्म के दो भेद है । सौम्य कर्म और क्रूर कर्म ।

शान्ति (रोगादिक का शमन) पुष्टि (बलवर्धक प्रयोग) तुष्टि (प्रसन्नता आपादन) वशीकरण (आकर्षण) इत्यादि सौम्य कर्म है । मरण (वध) स्तंभन (गतिनिरोध) उच्चाटन (मानहानि) विद्वेषण (द्वेषजनन) मोहन (किंकर्तव्यमूढता जनन) इत्यादि क्रूर कर्म है ।

'तन्त्र' इतिहास :

तान्त्रिको की दृष्टि से तन्त्र प्रयोग के प्रणेता भगवान् 'शिव' है । प्रारंभकाल में सिर्फ एक शैवतन्त्र ही प्रचलित था । शाक्त तन्त्र एवं वैष्णव तन्त्र का प्रयोग बाद में होने लगा । धीरे धीरे शक्ति की उपासना अधिक होने लगी । इस कारण से शैवतन्त्र और वैष्णवतन्त्र का प्रचलन मंद हो गया । वर्तमान में केवल शाक्त सम्प्रदाय ही प्रचलित है । गौड़, बंग और काश्मीर शाक्तों की तन्त्रभूमि है ।

---

१. मायामलादिशयंनान् मोक्षमार्गनिरुपणम् ।
अष्टदुःखादिविरहान् मत्स्येति परिकीर्तितम् ॥

माङ्गल्यजननाद् देवि ! संविदानन्ददानतः ।
सर्वदेवप्रियत्वाच्च मांस इत्यिभिधीयते ॥

सुमनः सेवितत्वाच्च राजवत् सर्वदा प्रिये ।
आनन्दजननाद् देवि सुरेति परिकीर्तिता ॥

मुदं कुर्वति देवाना मनांसि द्रावयन्ति च ।
तस्मान्मुद्रा इति ख्याता दर्शिता व्याकुलेश्वरि ॥

पञ्चमं देवि सर्वेषु मम प्राणप्रियं भवेत् ।
पञ्चमेन विना देवि चण्डिमन्त्रं कथं जपेत् ।
आनन्दं परमं ब्रह्म मकारास्तस्य सूचकाः ॥

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

शैव और शाक्त तन्त्र में दक्षिणमार्ग और वाममार्ग दोनों को स्थान प्राप्त है । वैष्णवतन्त्र केवल दक्षिणमार्गी है ।

तन्त्रो के प्रयोग का निरुपण करने वाले शास्त्रों को प्रतिपाद्य विषय भेद से तीन श्रेणि में बाँटा गया है । आगम, यामल और तन्त्र । इन शास्त्रो में कहा गया है कि-'कलियुग में वैदिक मन्त्र और साधन प्रभावहीन होगे आगमविधान से ही देवता प्रसन्न होंगे ।'[१]

आधुनिक इतिहासकारों का मत है कि-'तन्त्र में निर्दिष्ट मन्त्रो की लिपि बांग्लालिपि से मिलती है इसलिये इन तन्त्रों को प्राचीन नहीं मान सकते ।'

आर्यावर्त की ब्राह्मणपरम्परा के तन्त्रप्रयोगशास्त्र का यह अतिसंक्षिप्त दिशा दर्शन है । बौद्ध तन्त्र पर इसका अधिकांश प्रभाव रहा है । जैन धर्म की दृष्टि में 'तन्त्रप्रयोग' तन्त्रप्रयोग जैन की धर्म के परिप्रेक्ष्य में मूल्यांकन रसप्रद होगा ।

जैनतन्त्र :

जैनधर्म के दो मूलभूत तत्त्व है । कर्म का सिद्धांत और अहिंसा । संसारी जीव की हरेक प्रतिक्रिया और उसका फल कर्म से प्रभावित रहता है । आकांक्षा और उसकी पूर्ति, साधनो की प्राप्ति और संतोष कर्मानुसार ही मिलता है । कर्म के सिद्धांत के कारण ऐहिक आकांक्षा की पूर्ति के हेतु से प्रयोजित तन्त्रप्रयोग का महत्त्व जैन धर्म में बहुत ही गौण है ।

देवताओं को संतुष्ट करने के लिये तन्त्र में जिस विधि का निर्देश किया है वह हिंसा से व्याप्त है । फलतः उद्देश्य और साधना दोनों दृष्टिकोण से तन्त्रप्रयोग जैन धर्म के मूलभूत सिद्धांत से प्रतिकूल है । श्री सूत्रकृतांग सूत्र में (२.३.१८) ऐसे तन्त्रप्रयोग को पापश्रुत कहा गया एवं, उसके प्रयोक्ता मुनि की गर्हा की गइ है । वह अनार्य है विप्रतिपन्न है और मरकर किल्बि-

---

१. आगमोक्तविधानेन कलौ देवान् यजेत् सुधीः ।
न हि देवाः प्रसीदन्ति कलौ चान्यविधानतः ॥ (विष्णुयामल)
कलौ आगमकेवलम् । (कुलार्णवतन्त्र)

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

षिक योनि में जानेवाला है । उत्तराध्ययन सूत्र में ऐसे मुनि को 'पापभिक्षु' कहा गया । श्री दशवैकालिक में तन्त्रप्रयोग ज्योतिष-भैषजादि शास्त्रो को 'भूताधिकरण पद' कहा गया है । क्योंकि यह मार्ग ऐहिक लक्ष्य और हिंसा से व्याप्त है ।

लक्ष्यशुद्धि, साधनशुद्धि और साधनाशुद्धि को जैन शास्त्रों में बहुत ही महत्त्व दिया है । मोक्षमार्ग से प्रतिकूल लक्ष्य, अहिंसा के असाधक साधन, और संयम की विरोधी साधना जहाँ हो वह मार्ग ऊर्ध्वगामी नही है । अधोगामी है ।

जैन धर्म में जो तन्त्रप्रयोग प्रचलित है उसमें इन शुद्धि का ख्याल सर्वप्रथम रखा गया है । इसलिये जैनधर्म का तन्त्रमार्ग सबसे सात्त्विक, नैष्ठिक और सफल है । निर्दोष लक्ष्य, निष्पाप साधना, शुद्ध आशय एवं श्रेष्ठ चारित्र की धरोहर पर ही जैन श्रमणों ने शक्ति की उपासना की है ।

वस्तुतः सभी प्रकार के तन्त्रप्रयोग का मूल उत्पत्ति स्थान विद्यानुप्रवाद पूर्व है । जो द्वादशांगी के अन्तर्गत है । श्रीतीर्थंकर भगवंतो के मुखकमल से प्रसृता वाणी मन्त्रबीजात्मिका है । शाश्वत नमस्कार महामन्त्र एक स्वयं सिद्ध महामन्त्र है । आगमो में ४८ लब्धि और हजारों विद्याओं का उल्लेख है । आत्मा के वीर्य और क्षयोपशम से स्वयंभू प्रगट होने वाली शक्ति 'लब्धि' है । प्रयत्नसाध्य सिद्धि को विद्या कहते है । मन्त्र और विद्या के बीच की यह भेदरेखा जैन तन्त्र में ही प्रचलित है । जिसका अधिष्ठाता पुरुषदेव ही वह मन्त्र कहा जाता है । स्त्रीदेव अधिष्ठात्री हो उसकी 'विद्या' संज्ञा है ।

तन्त्रप्रयोग में मुख्यता 'देव' की है । देव के स्वरूप के विषय में जैन धर्म की विशिष्ट तत्त्वप्रणाली है ।

पाँच प्रकार के देव है । तीर्थंकर-वैमानिक-ज्योतिष्क-व्यंतर-भवनपति । तीर्थंकर देव लोकोत्तर है । उनकी उपासना मुक्ति के आशय से होती है । सकाम साधक को उनसे कोइ सहाय प्राप्त नहीं होती । क्योंकि वे स्वयं वीतरागी है । मनुष्यो की आकांक्षा पूर्ति वैमानिकादि चार प्रकार के देव से ही हो सकती है । वैमानिक देव पूर्व के पुण्य-स्नेह-मित्रता आदि

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

से वश होकर मनुष्यो को सहाय करते है । ग्रहादिस्वरूप ज्योतिष्क देव का प्रभाव प्रत्यक्ष है । अधिकांश तन्त्र साधना में व्यंतर और भुवनपति देव निकाय के देव की उपासना होती है । भूत-प्रेत-पिशाचादि व्यंतर निकाय के देव है और यक्ष-यक्षिण्यादि भुवनपति निकाय के । वैमानिकादि चार प्रकार के देव सम्यग्दृष्टि भी होते है और मिथ्यादृष्टि भी । सम्यग्दृष्टि देव जिनमार्ग में श्रद्धा रखते है और जिनभक्तो को सहाय करते है । सम्यग्दृष्टि देव स्मरण मात्र से जिनभक्तो की वैयावृत्य करते है, शांति करते है समाधिप्रदान, उपसर्गनिवारण करके सहायक बनते है । **(वेयावच्चगराणं, संतिगराणं, सम्मद्दिट्ठि समाहिगराणं)** मिथ्यादृष्टि देव जिनमार्ग को साधना में बाधक होते है । निष्काम मोक्षमार्ग की साधना में सहाय प्राप्ति के लिये और बाधानिवृत्ति के लिये दैवी शक्ति की उपासना की जाती है । दैवी साधना का अन्य एक हेतु 'जिनशासन की प्रभावना' है । मन्त्र-विद्या की सहायता से जिनशासन को जनजन के हृदय में स्थिर करनेवाले श्रमण को अष्ट प्रभावक में से एक 'मन्त्रप्रभावक' की उपाधि प्राप्त होती है । जिनशासन का इतिहास ऐसे मन्त्रप्रभावकों से समृद्ध है । गणधर भगवंत, श्रुतकेवली भगवंत के इलावा आर्यश्री खपुटाचार्य, आर्य श्री रोहणाचार्य, श्रीसिद्धसेनदिवादरसूरिजी, नागार्जुन, श्रीयशोभद्रसूरि, श्रीमानदेव-सूरिजी, श्री जिनेश्वरसूरिजी, श्री वादीदेवसूरिजी, श्री हेमचंद्रसूरिजी, श्रीमलयगिरि-सूरिजी, श्रीमुनिसुंदरसूरिजी, श्रीशांतिसूरिजी इत्यादि अनेक मन्त्रविद्याशक्तिसम्पन्न आचार्य जैन परम्परा में हुए ।

शासन के रक्षक २४ यक्ष तथा २४ यक्षिणी की सहायता से यह कार्य होता है । जैसा कि पहेले कहा जा चूका है दैवी साधना में हिंसा का आश्रय वर्ज्य है और मलिन आशय वर्ज्य है । चारित्र-संयम-मानसिक एकाग्रता और जाप पर ही विशेष बल दिया जाता है । प्रतिष्ठा साधनादि विधान में जो पूजाविधि आदि का विशेष प्रयोग देखा जाता है वह नैमित्तिक और आप वादिक है ।

इस प्रकार जैन धर्म के अनुसार तन्त्रप्रयोग में सहायक भुवनपति और व्यंतर कोटिके देव है । शासन रक्षक यक्ष-यक्षिणी, १६ विद्यादेवी, जयादि देवी, श्रुतदेवी, क्षेत्रपाल, लोकपाल, दिक्पाल इत्यादि देव सकाम साधना के

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

सहायक है ।

जैन धर्म के तन्त्रप्रयोग का यह संक्षिप्त निरूपण है । विशेष जिज्ञासुओं को निवेदन है कि वे अधिकृत शास्त्रों का अवगाहन करे ।

स्तोत्र :

देवता की प्रसन्नता हेतु तन्त्रप्रयोग में जाप-यन्त्रपूजन-होम-पूजाविधि के साथ साथ 'स्तुति' का भी प्रयोग होता है । छंदोबद्ध काव्य में अभीष्ट देवता की स्तुतिपरक शब्द रचना को 'स्तोत्र' कहते है । साधारण स्तोत्र में सिर्फ देव विशेष का महिमागान होता है । तन्त्रशास्त्रीय स्तोत्र में मन्त्र-बीज-आम्नाय-पूजाविधि-रहस्य का प्रत्यक्ष या परोक्ष उल्लेख रहेता है । इसलिये तन्त्रशास्त्रीय स्तोत्रो का प्रभाव भी अधिक रहेता है ।

'श्रीत्रिपुराभारतीस्तव' ऐसा ही एक प्राचीनतम तन्त्रशास्त्रीय स्तोत्र है । व्याख्याकारों में उसका प्रचलित नाम 'लघुस्तवराज' है । मूलतः यह स्तोत्र त्रिपुरादेवी का है । फिरभी 'लघुस्तव' नामाभिधान का कारण यह कहा जाता है कि स्तोत्र के कर्ता का नाम लघ्वाचार्य है । व्याख्याकार श्री सोमतिलकसूरिजी ने स्तोत्र की अंतिम पुष्पिका में यह स्तोत्र के कर्ता का लघ्वाचार्य के नाम से उल्लेख किया है ।[१] स्तोत्र के अंतिम पद्य में 'लघु' शब्द का श्लेष है जिससे कर्ता का नाम ध्वनित होता है । तीसरा कारण व्याख्या की उत्थानिका में है कि एक 'लघु' बालक ने इस स्तोत्र की रचना की है । इस विषय का अंतिम निष्कर्ष ऐतिहासिक संशोधन के बाद ही आ सकता है ।

त्रिपुराभारतीस्तवः की विषयवस्तु :

प्रस्तुत स्तोत्र की अधिष्ठात्री भगवती त्रिपुरादेवी है । तन्त्र-शास्त्र में त्रिपुरादेवी के अनेक नाम प्रचलित है । तन्त्रशास्त्रीय मन्त्र साधना विधि गुप्त होता है और केवल गुरुमुख से ही प्राप्त होता है । इसलिये गुरु के भेद

---

१. इति श्री लघ्वात्चार्यविरचितः लघुस्तवराजः ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

से साधना मार्ग में विभिन्नता होना स्वाभाविक है । 'सम्प्रदाय के भेद से त्रिपुरा देवी के नाम में भेद देखने मिलते है । व्याख्याकार सूरिदेव ने प्रथम पद्य में त्रिपुरादेवी के नामभेद के विषय में निर्देश किया है ।

अथ किमेषा त्रिपुरा उत त्रिपुर भैरवी ?....तत्कथमिति सत्यम्..... बहवोऽस्याः उद्धारप्रकाराः सम्प्रदायाः पूजामार्गाश्च..... इत्यतः क्वचित् मन्त्रोद्धारभेदात्, क्वचिद् आसनभेदात्, क्वचित् सम्प्रदायभेदात्, क्वचित् पूजाभेदात्, क्वचिन् मूर्तिभेदात्, क्वचिद् ध्यानभेदात् बहुप्रकारा एषा त्रिपुरादेवी क्वचित् त्रिपुरभैरवी, क्वचित् त्रिपुरभारती, क्वचित् नित्यत्रिपुरभैरवी, क्वचित् त्रिपुरललिता, क्वचिद् अपरेण नाम्ना, क्वचित् त्रिपुरैव उच्यते ।

तन्त्र शास्त्र में बीजभूत मन्त्राक्षरो को 'पुर' संज्ञा दी है । **ऐँ क्लीँ** और **सौँ** यह तीन वर्ण सरस्वती के बीजमन्त्र है । यह तीन 'पुर' की अधिष्ठात्री होने के कारण सरस्वती देवी का नाम 'त्रिपुरा' है । स्तोत्र में भारती, वाग्वादिनी इत्यादि शब्दो द्वारा 'त्रिपुरा' का उल्लेख हुआ है, प्रथम पद्य में **'वाङ्मयी'** शब्द से त्रिपुरा देवी सरस्वती का ही नाम है यह लघुराज ने स्वयं प्रमाणित किया है । पंजिकावृत्ति में भी त्रिपुरा पद का सरस्वती अर्थ उपलब्ध होता है ।[१]

समग्र स्तोत्र में श्रीत्रिपुरादेवी का महिमागान कवि ने अनूठे ढंग से प्रस्तुत किया है । त्रिपुरादेवी के मूलमन्त्र, बीजाक्षर, आम्नाय, ध्यान, पूजाविधि इत्यादि स्तोत्र में गर्भितरूपेण अन्तर्निहित है । तान्त्रिक साधनामार्ग सम्पूर्णतः गुर्वाधीन है । केवल गुरु ही मन्त्र की पूर्ण प्रयोग विधि जानता है । किसी शास्त्र में मन्त्र का प्रयोग विधान शतप्रतिशत प्रगट नही किया जाता अपितु बहुतांश गुप्त रखा जाता है । केवल शास्त्र के शब्दो का आधार लेकर साधना करने वाला साधक विपरीत फल पा सकता है । व्याख्याकार श्री सोम-तिलकसूरिजीने भी अपनी व्याख्या में अनेक बातों के गुरुपरम्परा के अधीन

---

१. पद्य : २०-त्रिपुरेति नाम्ना भारत्याः सरस्वत्याः....इयं स्तुतिः.... बोद्धव्या ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

बनाकर गुप्त रखी है ।[२] त्रिपुरास्तोत्र में या कोई भी तान्त्रिक स्तोत्र में मन्त्रादि विधान को गुप्त रखा जाता है ।

त्रिपुराभारतीस्तव में भगवती त्रिपुरा के विविध स्वरूप, मन्त्राक्षर, साधनाविधि, ध्यान और उपासना फल का वर्णन है ।

स्तोत्र का संक्षिप्त विषय दर्शन यहाँ प्रस्तुत है ।

(पद्य-१) प्रथम तीन पाद में त्रिपुरादेवी के तीन मन्त्रबीजाक्षरों का उद्धार है **'ऐन्द्रस्य'** पद में **ऐँ** बीज है । **शौक्लीँ** पद में **क्लीँ** बीज है । **एषासौ** पद में **सौँ** बीज है । यही त्रिपुरादेवी का मूलमन्त्र है । **(त्रिपुरामूलमन्त्रो ज्ञेयः)** । इन मन्त्राक्षरो साथ स् और ह् वर्ण का संयोग होने से कूटाक्षर बनते है । मूलस्थ 'सहसा' पद से इस बात का निर्देश मिलता है ।

(पद्य २-३-४) द्वितीय-तृतीय और चतुर्थ पद्य में तीन बीजाक्षरों के माहात्म्य का वर्णन है । ऐँकार का ध्यान करने से संसार के दुःखो से मुक्ति मिलती है । ऐँकार ज्ञानशक्ति का बीज है । ऐ उसका सङ्केत पद है । ऐँकार साक्षात् कुण्डलिनीशक्ति स्वरूप है । विश्व के समस्त व्यापार का संचालन मात्रारूप कुण्डलिनी शक्ति द्वारा होता है । अज्ञान-आश्चर्य या आतंक के कारण अनुस्वार रहित 'ऐ' पद के उच्चारण से अमृत के समान मधुर वाणी का प्रसाद प्राप्त होता है । ललाट स्थान में आज्ञाचक्र पर मेघधनुष्य के समान वर्णयुक्त ऐँकार ध्येय है ।

क्लीँकार कामराज बीज या इच्छाशक्ति बीज है । ई उसका संकेत

---

२. यतो न सर्वं गुह्यमेकमुष्ट्या प्रदेयं गुरुभिः ॥२॥
विस्तरस्त्वस्य गुरुमूखाज् ज्ञेयः ॥१४॥
गुरुपरम्परातोऽवसेयाः ॥१७॥
सम्प्रदायान्वितो युक्तोऽयं मन्त्रोद्धारः ॥२०॥

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

पद है । यह बीज गूढ और महाप्रभावशाली है । विरल पुरुष को यह प्रभाव अनुभव में आता है । यह मंगल स्वरूप है । हरेक शुभकार्य में उसका स्मरण लाभदायी है । ब्रह्मरंध में सहस्त्रारचक्र पर श्वेतवर्णीय क्लींकार ध्येय है ।

सौंकार प्रेतबीज या क्रियाशक्ति का बीज है । 'औ' उसका संकेत पद है । यह बीज तत्कालवचनप्रवृत्तिरूप फल देता है । यह बीज का ध्यान जडता को नष्ट करता है । हृदय में विशुद्धिचक्र पर सूर्य समान रक्तवर्णीय सौंकार ध्येय है ।

(पद्य-६) यह तीन बीज महाचमत्कारी है । कोई भी विधि से ध्यान करने पर मनोवांछित फल देने में समर्थ है । तीन बीजो का छः प्रकार से ध्यान होता है—सव्यंजन, अव्यंजन, कूटस्थ,-पृथक्, क्रम, और व्युत्क्रम । माहात्म्य के दर्शक इन पदो का तान्त्रिक अर्थ रहस्यपूर्ण है । व्याख्याकार सूरिदेवने रहस्य को भलीभाँति स्पष्ट किया है ।

भगवती श्री त्रिपुरादेवी के बीजाक्षर रूप मन्त्र ध्यान के बाद स्वरूप ध्यान का वर्णन अग्रिम पाँच पद्य में है ।

(पद्य-७) विद्वत्ता की प्राप्ति के लिये । गौर वर्णीय भगवती की मूर्ति का ध्यान करना चाहिये । विद्वत्ता के हरेक प्रकार श्रीत्रिपुरा की कृपा से सिद्ध हो जाते है । कवित्व शक्ति प्रदायक ध्येय स्वरूप इस प्रकार का है । देवी के देह की कांति मचकुंद पुष्प के समान शुक्ल है, देवी की चार भुजा है, बायें हाथो में पुस्तक और अभयमुद्रा है, दाहिने हाथ में अक्षसूत्र है और आशीर्वाद मुद्रा है । कमलपत्र के समान नेत्र से करुणा की धारा बरसती है । [साधरणतः सरस्वती की मूर्ति में चार भुजा होती है । दो भुजा में देवी वीणा धारण करती है ऐसा देखने मिलता है । जैन शास्त्र के मुताबिक सरस्वती मचकुंद के पुष्प, पूर्णिमागत चंद्र, गाय का दूध, जलबिंदु के समान श्वेत वर्ण युता है । वह एक हाथ में सरोज और एक हाथ में पुस्तक धारण करती है । और कमल के आसन पर बिराजित है (कुंदिंदु-गोक्खीर-तुसार वण्णा

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

सरोजहत्था कमले निसण्णा ।
वाएसिरी पुत्थयवग्ग हत्था
सुहाय सा अम्ह सया पसत्था ॥

आचार्यश्रीबप्पभट्टिसूरिजी रचित अनुभूतसिद्ध सारस्वत स्तोत्र में भगवती सरस्वती का वर्णन इस प्रकार है-भगवती का वाहन हंस है **(कलमराल-विहंगम वाहना,)** वस्त्र उज्ज्वल है । (सितदुकुलविभूषणलेपना) चन्द्रमा समान मुख है **(अमृतदीधिति बिंबसमाननां)** कैतकी के पत्र समण विशाल नेत्र है । (विततकेतकीपत्रविलोचने) भगवती के हाथ में अमृत भरा हुआ कमण्डलु है (अमृतपूर्णकमण्डलुधारिणी), दूसरे हस्त में माला है (करसरोरुहखेलन चञ्चला तवविभाति परा जपमालिका) सरस्वती देवी का लक्षण चिह्न हंस ही है । **(धवलपक्षविहङ्गम लाञ्छिते)**

इस प्रकार सरस्वती के अनेक स्वरूप है ।]

(पद्य-८) श्वेतकमल के समान शुक्लवर्णीय भगवती के ध्यान से निरंकुश वक्तृत्वसिद्धि प्राप्त होती है । ध्याता, अपने मस्तक पर बिराजमान देवी अमृतवर्षा कर रही है और यह अमृत सहस्त्रार द्वार प्रवेश होकर सारे शरीर में फैल रहा है, ऐसा ध्यान करे ।

(पद्य-९) रक्तवर्णी मूर्ति के ध्यान से आकर्षण होता है । सिंदूर समान देवी का वर्ण और उसकी प्रभा से चारो और फैलते हुए रक्तरंग का ध्यान वशीकरण करता है ।

(पद्य-१०) स्वर्णवर्णीय और स्वर्णाभरण से विभूषित देवी का ध्यान करने से लक्ष्मी स्थिर रहती है ।

(पद्य-११) देवी के रौद्र स्वरूप का ध्यान चित्त की निर्मलता एवं सर्वसिद्धिमय भगवती स्वरूप का प्रदायक है । यह ध्यान 'आरभटी' नामक वीरसाश्रया वृत्ति से होता है । सत्यवान् एवं निर्भीक व्यक्ति ही यह ध्यान को सिद्ध कर सकता है ।

(पद्य-१२) इस पद्य में देवी का प्रभाव व्यक्त करने हेतु श्री वत्सराज

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

नृपति का उदाहरण उपस्थित किया है । पूर्व सम्पादक साक्षर श्री जिनविजयजी लिखते है—'हमारा अनुमान है कि यह वत्सराज (जिसका प्राकृतनाम वच्छराज है) प्रतिहारवंशीय सम्राट् था, जो पहले राजस्थान प्रदेश का एक सामान्य सा प्रतिहार ठाकुर था और पीछे से अपनी प्रभुशक्ति के प्रभाव से सारे उत्तरापथ का बड़ा सम्राट् बना । राजस्थान के कुछ वृद्ध चारणों के मुख से सुना है कि वत्सराज पडिहार सिरोही जिला के अन्तर्गत अजारी नामक स्थान में जो प्राचीन त्रिपुरा भारती का पीठ था उसका अनन्य उपासक था और वहाँ पर उसने त्रिपुरादेवी की विशिष्ट आराधना-उपासना की थी । और उसके कारण वह पीछे से एक बड़ा सम्राट् बन सका था । चारण लोग प्रायः शक्ति के उपासक होते है । उनका यह भी कथन था कि लघु-पण्डित स्वयं चारण जाति का कवि था और वह उक्त त्रिपुरा पीठ का मुख्य अधिष्ठाता था । इस किंवदन्ती में कितना तथ्यांश है इसका कोई अन्य प्रमाण ज्ञात नहीं है ।'

(पद्य-१३) इस पद्य में भी देवी का माहात्म्य व्यक्त हुआ है ।

(पद्य-१४) चारों वर्ण के साधक भगवती की स्वयोग्य द्रव्य से पूजा करके अपनी मनोकामना पूर्ण कर सकते है । देवी की पूजाविधि का वर्णन इस पद्य में है ।

(पद्य-१५) त्रिपुरादेवी परा शक्तिरूपा है । जगत का सर्जन-नियमन-संहरण त्रिपुरा देवी के वश में है । देवी का स्वरूप और महिमा सामान्य बुद्धि से परे है । देवी की महिमा का अनुभव योगिजन को होता है ।

(पद्य-१६) विश्वकी हरेक वस्तु का नियमन सत्त्व-रजस्-तमस्, उत्पत्ति-स्थिति-लय, राग-द्वेष-मोह इत्यादि त्रिक-त्रिक रूपेण होता है । त्रिकरूपेण नियमित हरेक वस्तु श्रीत्रिपुरा देवी में अन्तर्हित होती है ।

(पद्य-१७) भगवती के सात स्वरूप है । देवी के स्वरूप का ध्यान करने से भक्तो को प्रत्यक्ष प्रभाव का अनुभव होता है ।

लक्ष्मी :— राजकुल में प्रवेश होता है (राज्य द्वारी आपत्ति से मुक्ति) होती है ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

जया :— रण में विजय (विवाद में जय) प्राप्त होता है ।

क्षेमंकरी :— पशुभय का निवारण होता है ।

शबरी :— दुर्गम मार्ग में सहाय और मार्ग की प्राप्ति होती है ।

महाभैरवी :— भूत-प्रेत-पिशाचादि कृत बाधा का निवारण होता है ।

त्रिपुरा :— चित्त की भ्रान्ति टलती है, मानसिक स्वास्थ्य मिलता है ।

तारा :— जल के भय का निवारण होता है ।

साधारण आदमी को यह वर्णन लालच पैदा करेगा । इसीलिये व्याख्याकार श्री सोमतिलकसूरिजी ने इन सात ध्यातव्य स्वरूपो को गुप्त रखा है ।[१] तन्त्र मार्ग दुर्गम है । अधिकार प्राप्त किये विना सिर्फ अपनी मरजी से उसमें प्रवेश करने से बहुत बड़ी हानि हो सकती है । गुरु का मार्गदर्शन यहाँ नितान्त आवश्यक है ।

(पद्य-१८) भगवती त्रिपुरादेवी के २४ नाम है । इन २४ नाम के द्वारा बीजाक्षर मन्त्रो का उद्धार होता है । इन बीजाक्षरों से त्रिपुरादेवी का मूलमन्त्र प्रगट हुआ है । चौसठ योगिनी-योगिनीदोषविघातकयन्त्र इत्यादि मन्त्रविधान वृत्ति में है ।

(पद्य-१९) मन्त्र शास्त्र प्रसिद्ध सोलह स्वर और पैंतीस व्यंजन से त्रिपुरादेवी के वीस हजार से ज्यादा नाम निष्पन्न होते है । यह नाम आगमोक्त है और गुह्य है ।

(पद्य-२०) **ऐँ क्लीँ** इत्यादि बीजमन्त्रो का उद्धार विधि प्रस्तुत है । यह विधि भी गुरु परम्परा से ही ज्ञात होता है । व्याख्या में मन्त्रोद्धार के फल का अतिशयित वर्णन उद्धृत किया है ।

(पद्य-२१) अंतिम पद्य उपसंहार रूप है । इस पद्य में लघुत्व पद का श्लेष करके कवि ने अपना नाम व्यक्त किया है ।

---

१. तत्तत् कार्येषु साहाय्यदायिनीनां ध्येयरूप-वर्णायुध-समृद्धयो मुद्राश्च गुरुपरम्परातोऽवसेयाः ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

उपसंहार :

इस विमर्श में तन्त्र की दार्शनिक और प्रायोगिक पृष्ठभूमि का संक्षिप्त विवरण करने का प्रयास किया है । श्रीत्रिपुराभारतीस्तव की वृत्ति का विद्यार्थी भाव से अवगाहन करते करते यह विमर्श प्रगट हुआ है । इसको केवल विद्यार्थीओ को जिज्ञासापूर्ति के लिये शब्दो में ढाल दिया है ।

जैन श्रमण होने के नाते सावद्य और अवद्यानुबंधी तन्त्रप्रयोग में विमर्शकार की कोई रुचि नहीं है । न कोइ अनुमोदना का भाव है । अध्येतागण, पाठकगण, और विवेचक गण इसको अन्यथारूपेण ग्रहण न करे ऐसी अपेक्षा है ।

मार्गशीर्ष शुक्ला १३, २०५९
३०, जैन मरचन्ट सोसायटी
पालडी, अहमदाबाद

वैराग्यरतिविजय

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

तेरा ध्यान न जो करे,
भगवती ! कैसे बने वो कवि ? ।

आचार्य दंडीने सरस्वती को सर्वशुक्ला कहा, कवयित्री विज्जिकाने इसका प्रतिवाद किया, लिखा-

इन्दीवरदलश्यामां विज्जिकां मामजानता ।
वृथैव दण्डिना प्रोक्ता सर्वशुक्ला सरस्वती ॥

सरस्वती सर्वशुक्ला है, इस विधान में सौन्दर्य, निर्दोषता और प्रभावकता अभिप्रेत है । विज्जिका अपने आपको वाग्देवता का अवतार समझती थी, श्यामवर्णा होना प्रशस्य नहि माना गया, तो विज्जिकाने अपनी ज्ञानगरिमा और कवित्वप्रतिभाको प्रस्तुत करके सरस्वती को श्यामवर्णा प्रतिपादित की ।

श्री लघ्वाचार्य ने श्रीत्रिपुराभारतीस्तव में सरस्वती के अनेकविध सौंदर्य की मंगलगाथा प्रस्तुत की है, यद्यपि यह स्तोत्र मन्त्रगर्भित है, तन्त्रशास्त्रीय है; फिर भी यहाँ पर काव्यतत्त्व मनोरम है ।

सरस्वती शुक्ल और श्याम ही नहि है । अनेक रंगछटा सरस्वती ने धारण कर ली है ।

'भालमध्य में इन्द्रधनुष की प्रभा, मस्तक पर चन्द्रप्रभा का तेज और हृदय में सूर्य किरण की उपमा दे कर त्रिविधरूपा सरस्वती प्रथम स्तुति में वर्णित की है ! अलंकार तो गौण है, मुख्य है रस या भाव । शृंगाररस का स्थायीभाव रतिभाव है, इसे भक्तिसम्प्रदाय ने रतिभाव के रूप में आबद्ध नहि

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

रखा । प्राचीन परम्परा थी । नायक-नायिका का आलंबन न हो वहाँ केवल रतिभाव मानना । भक्तिसम्प्रदाय ने देव-देवी के आलंबन को भी रसजनक माना । भक्तिरस की स्थापना की गइ । शांत रस में निर्वेदभाव प्रमुख रहता है । भक्तिरस में समर्पणभाव । और स्तोत्रसाहित्य का एक मात्र आधार बना भक्तिरस । लघ्वाचार्य भक्तिरस के उन्मत्त गायक है । आपने लिखा हुआ यह वृत्त अद्‌भुत है ।

दृष्ट्वा सम्भ्रमकारी वस्तु सहसा ऐ ऐ इति व्याहृतं,
येनाकूतवशादपीह वरदे ! बिन्दुं विनाऽप्यक्षरम् ।
तस्याऽपि ध्रुवमेव देवि ! तरसा जाते तवानुग्रहे;
वाचस्सूक्तिसुधारसद्रवमुचो निर्यान्ति वक्त्राम्बुजात् ॥

केवल यह एक ही स्तुति इतनी तो भावप्रवण है कि भक्तिरस के सहस्रसंवेदन से मन भर जाता है ।

सरस्वती को याद करना तो लाभकर है ही । सरस्वती का मन्त्रबीज ऐंकार भी लाभकर है, और कितनी हद तक ? आदमी गभराकर ऐ ऐ करने लगता है, बिन्दु से विहीन ऐ-कार हो लेकिन सरस्वती का अनुग्रह ऐसे आदमी पर हुआ तो वह भी अमृतमधुरवाणी से अलंकृत हो जाता है ।

इसे अतिशयोक्ति कहे, स्वभावोक्ति कहे या फिर उत्प्रेक्षा ? उद्दाम कल्पना उत्प्रेक्षा में होगी । चित्तरंजक वस्तुविन्यास स्वभावोक्ति में होगा और असंबंध में संबंध रूप अतिशयोक्ति भी यहाँ हो सकती है । कहाँ भीरु आदमी का ऐ ऐ रव और कहाँ महासरस्वती प्रसाद रूप ऐंकार ।

सरस्वती का साक्षात् दर्शन कराते हुए लघ्वाचार्य लिखते है :

वामे पुस्तकधारिणीमभयदां साक्षस्त्रजं दक्षिणे,
भक्तेभ्यो वरदानपेशलकरा कर्पूरकुन्दोज्जवलाम् ।
उज्जृम्भाम्बुजपत्रकान्तनयनां स्निग्धप्रभालोकिनीं

अतिशय सरल शब्दन्यास करके लघ्वाचार्य रुकते नहीं, यहाँ पर कवित्व दिखाना है, स्तुति में भक्ति है और भक्ति का रस शब्दों से व्यक्त

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

होता है । सरस्वती के दर्शन आह्लादजनक है । सच है, सरस्वती का संस्तव भी तो आह्लादजनक होना चाहिये । सरस्वती के हाथ में पुस्तक है, माला है, सरस्वती के हाथ आशिष दे रहे है । सरस्वती अतिशय सौंदर्यवती है और सरस्वती की आँखे कृपारस से छलक रही है । इतना कहकर रुक जाना सामान्य कवित्व है, लघ्वाचार्य इस आलम्बनविभाव से भावोन्मत्त हो कर कहते है :

ये त्वामम्ब ! न शीलयन्ति मनसा तेषां कवित्वं कुतः ॥
"तेरा ध्यान न जो करे, भगवती कैसे बने वो कवि ?"

यह अर्थान्तरन्यास का असामान्य उदाहरण है, रसधारा अपने आप अलंकार बना लेती है । अर्थयोजना से अलंकार तक पहुँचना साधारण कक्षा है । रससिक्त अलंकार ही उत्तमकक्षा है । लघ्वाचार्य अपनी कला का यश सरस्वती को ही देते है । सरस्वती का ध्यान वाक्कलाका प्रधान कारण है ।

ये त्वां पाण्डुरपुण्डरीकपटलस्पष्टाभिरामप्रभां,
सिञ्चन्तीममृतद्रवैरिव शिरो ध्यायन्ति मूर्ध्नि स्थिताम् ।
अश्रान्तं विकटस्फुटाक्षरपदा निर्याति वक्त्राम्बुजात्;
तेषां भारति ! भारती सुरसरित्कल्लोललोर्मिभिः ॥

धवलकमल की सुन्दरता से समलंकृत सरस्वती मेरे मस्तक पर बिराजमान है । मेरे शिर पर अमृतवर्षा हो रही है, सरस्वती द्वारा । यह अनुभव यह ध्यान मुखरूपी कमल से गंगा के लोलविलोल सहज तरंगों की तरह वाणी का प्रवाह निर्मित करता है ।

कमल से सुरभि नीकले और नदी नीकल पड़े, फर्क है, यहाँ कमल से गंगा नीकल रही है, यह सादृश्य समुचित नही है और यही कविता है । उत्प्रेक्षा या अतिशयोक्ति ।

आगे कवि कहते है :

माद्यत्कुञ्जरकर्णतालतरलाः स्थैर्यं भजन्ते श्रियः ॥१०॥

लक्ष्मी मदमत्त हस्ति के कर्णताल की तरह अस्थिर है, लेकिन

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

सरस्वती के ध्यान से स्थिर हो जाती है । स्थिरता भी माद्यत्कुञ्जरकर्णतालतरला होती है अर्थात् इतनी लक्ष्मी उपलब्ध होती है कि घर के आंगन में मदमत्त हाथी के कर्णताल चलने लगते है । यहाँ विरोध-अलंकार है ।

आजकल कविताविश्व अलंकार प्रधान नही रहा, भावधारा कविता की प्रधान संपदा मानी गई है । लघ्वाचार्य ने अपनी भावधारा प्रचुर आवेश से व्यक्त की है ।

अल्पप्रसिद्धवृत्त **आचार्य श्रीसोमतिलकसूरिजी** ने इस मन्त्रगर्भित स्तोत्र की व्याख्या बनाइ है, जो इस सम्पादन की आधारशिला है । क्योंकि त्रिपुराभारतीस्तव कोई जैनपरम्परागत स्तोत्र नही है, व्याख्याकार ने त्रिपुराभारती पर लिखा तो स्तव परम्परा के साथ कुछ सम्बद्ध हुआ । मुख्यतः व्याख्या मन्त्र और तन्त्र के विषय पर ही है । इस ग्रन्थ के सम्पादक मेरे वडील भ्राता परम पूज्य बहुश्रुत **मुनिप्रवर श्री वैराग्यरतिविजयजी महाराज** ने मन्त्रतन्त्र की परम्परा और जैनधर्म का सर्वांगीण विश्लेषण प्रस्तावना में किया है । व्याख्याकार ने काव्यतत्त्व व्याकरण आदि की दृष्टि से जो उन्मेष दिखाये है, हम उन्हें देखेंगे ।

तीसरी स्तुति में '**सूक्तिसुधारसद्रवमुचः**' प्रयोग है । आचार्यश्री ने व्याख्या में विवेक किया-**यद्यपि च रस-द्रव्योरेकार्थता, तथाप्यत्र विशेषः । अमृतं हि देवभोज्यं रसरूपमेव भवति । तस्यापि द्रवः सारोद्धारो निर्यासः इत्यर्थः** । सुधा का रस देवो का भोजन है । उसका भी अर्क जो अतिमधुर होता है वह है द्रव । रस प्रवाही है तो कुछ द्रव घट्ट, दूध और मलाई जितना यह फर्क है । मूलकारके हार्द को स्पष्ट करना व्याख्याकार का कर्तव्य है । आचार्यश्री ने यह सफलता से निभाया है ।

सातवी स्तुति में मूलकार ने देवी के चार हाथ है, बताया नही । व्याख्याकार ने स्पष्ट किया : "**चतुर्भुजत्वाद् भगवत्याः पुस्तकाभय-दानाऽक्षमाला-वरव्यग्रकरत्वं युक्तम्**" । (भगवती के हाथ में पुस्तक, अभयदान, अक्षमाला और वर इन चारो की उपस्थिति स्तुति में बताई है, क्योंकि भगवती के हाथ चार है ।)

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

आठवी स्तुति में "**तेषां वक्त्राम्बुजात्**" वाक्यप्रयोग है । आचार्यश्री स्पष्टता करते है : **वक्त्राम्बुजादित्यत्र जातिव्यपेक्षया एकवचनमिति** । अनेक ध्याताओ बहुवचन में और उनके वक्त्राम्बुज एकवचन में हो नही सकते लेकिन एकवचन में जाति की व्यपेक्षा है । फलतः अनेक रूप अनेकविध लोग भी भले भगवती का ध्यान करे । फलप्रसाद समान मिलता है, यह ध्वनि प्रतीत हो सकता है ।

नवमी स्तुति में आचार्यश्री लिखते है : "**अनन्यमनसः**" **इति पदमुभयत्रापि डमरूकमणिन्यायेन प्रयोज्यम्** । देवी का ध्यान अनन्यमना हो कर करनेवाला अनन्यमन वशीकारी हो सकता है ।

अग्याहरवीं स्तुति में आचार्यश्री ने "**आर्भटी**" शब्द की व्याख्या दी है । '**आर्भट्या-उद्धतया वृत्त्या**' उत्कटवृत्ति का ध्यान आर्भटीका भावार्थ है ।

आगे फिर शब्द प्रयोग में **आरभटीशब्दविशेषस्तु सात्त्वती-कैशिकी-प्रमुखवृत्तयो हि शान्ताः । आर्भटीवृत्तिस्तु वीररसाश्रया । आर्भटी-आरभटीशब्दविशेषस्तु वर्षावरिषादिशब्दवद् न दोषः** ।

आर्भटी शब्द, आरभटी से आया है । उसे दोष न माने । मूलकार को समर्थित करना जैनाचार्यों की प्रसिद्ध परम्परा है । आर्भटी शब्द को ग्राम्य कहकर अपनी वैदुषीका टंकार करना आचार्यश्री ने पसंद नहि किया ।

तेरहवी स्तुति में **चण्डि** ! सम्बोधन की स्पष्टता देखो :

चन्डीत्यामन्त्रणं, न सुखाराध्या भगवतीति रौद्रशब्दोपादानम् । माता को चंडी कहना इसलिये जरुरी था, कि इस माता की आराधना कष्टसाध्य है ।

व्याख्या के साथ पंजिकावृत्ति भी सम्पादित की गइ है । दोनो टीकाए मन्त्रसन्दर्भ से सम्बद्ध है । इसलिये यहाँ छन्दोनिर्देश, अलंकारवर्णन या रसानुभूति का कोइ स्थान नही है ।

श्रुतदेवता का संनिधान चतुर्दशपूर्व में था । पूर्वशास्त्र मन्त्रगर्भित थे ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

विश्व के सभी मन्त्रो के मूल में पूर्व शास्त्र है । यह मन्त्रगर्भित स्तोत्र जैन नहि, फिर भी व्याख्याकार आचार्य जैन है । पूर्वशास्त्र की किसी परम्परा का अनुसन्धान आचार्यश्री ने व्याख्या में किया है ।

सद्-असद् विवेक से सम्पन्न महात्माओ के लिये यह सम्पादन आत्मा की उपलब्धि का आलंबन बनेगा यही शुभकामना !

मार्गशीर्षकृष्ण पंचमी
वि० सं० २०५९ **प्रशमरतिविजय**
जैनमर्चन्टसोसायटी
अहमदाबाद

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

प्रवेश

भगवती भारती की उपासना भारतवर्ष में प्राचीनकाल से चली आ रही है ।

माँ भारती के प्रसाद के बिना व्यक्ति कभी शक्तिसम्पन्न नही होता है । जैन एवं जैनेतर दोनों परंपरा में भगवती भारती की उपासना प्रबल रूप से चली आ रही है ।

जिनशासन की कोइ भी पोशाल ऐसी नहि जहाँ हंसवाहिनी का स्थान न हो । हर पोशाल में उनकी मूर्ति अथवा चित्र की स्थापना रहती थी ।

जैन आचार्य वृद्धवादिसूरिजी, आचार्य बप्पभट्टसूरिजी, आचार्य हेमचन्द्रसूरिजी, उपाध्याय यशोविजयजी, इन सब जैन साधकोने माँ भारती का साक्षात्कार कर अपूर्व प्रसाद वरदान पाये थे ।

अजैन साधको में कवि कालीदास, महापंडित देवबोधि, महाकवि हर्ष प्रमुख है । जिनका प्रकाण्डपांडित्य, अपूर्व कवित्व मा भारती के ही प्रसाद का फल था ।

आचार्य बप्पभट्टिसूरि महाराज ने अपने सिद्धसारस्वत स्तोत्र में विद्वत्ता एवं वैभव, समृद्धि एवं सौन्दर्य सब माँ सरस्वती के ही प्रसाद से सहज मिल जाता है, ऐसी घोषणा की है । वास्तव में माँ शारदा के प्रसाद के बिना मुक्ति या भुक्ति हर क्षेत्र में निष्फलता ही प्राप्त होती है ।

यह त्रिपुराभारतीस्तव माँ के प्रसाद को पाने का साधनामार्ग बतानेवाला उत्कृष्ट महिमासंपन्न स्तोत्र है । प्राचीन चारणकवियों की आख्यायिका इस स्तोत्र के सर्जन का श्रेय चारणकवि लघु को देते है । जो राजस्थान अजारी का निवासी था ।

माँ सरस्वती के अनेक रूप है, अनेक यन्त्र है । जिसमें त्रिपुराभारती भी उनका एक रूप है । एक सारस्वती शक्ति अनेक रूप में विलसती है । शारदा का प्रमुख साधना स्थल कश्मीर एवं काशी है । जहाँ अनेक साधकोने साधना करके सिद्धि पाइ । त्रिपुराभारती का प्रमुख शक्तिपीठ दक्षिण राजस्थान

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

के शिरोहीजिले का अजारी गाँव जिसका प्राचीन नाम अजाहरी था उसके निकटवर्ती छोटी पहाडीयों के बीच मार्कंडेश्वर महादेव के निकट है ।

दूर सूदूर तक फैले हुए खजूरी के सहस्त्र पैडों के मध्य छोटी पहाडीयों के घेरावे में बहते दो-तीन झरणों के संगम से बने हुए द्रहके तटपर पुराणे छोटे मंदिर में माँ त्रिपुराभारती की अत्यंत प्राचीन श्याम मनोहर मूर्ति आसीन है । जो भव्य एवं अत्यंत प्रभावशाली है । लघुकवि इसी शक्तिपीठका अधिष्ठाता था ।

भगवती त्रिपुराभारती का शक्तिपीठ यह संगम स्थल है । पूरी अजारी गाँव की भूमि उसके प्रभाव क्षेत्र में है । तरुण हेमचन्द्र मुनि को माँ सरस्वती ने अजारी ग्रामस्थित महावीरचैत्य में प्रगट होकर वरदान दिया था । इस स्थल पर शताब्दीयों से जैन अजैन साधकोने साधना कर सिद्धि प्राप्त की । आज भी पा रहे है ।

ऐसी एक प्रबल परंपरा है कि माँ शारदा आठ मास कश्मीर में रहती है । वर्षा ऋतु में चार मास अजारी क्षेत्र में रहती है । दीपावली में यहाँ साधना करने से दिव्य अनुभव होता है । यह क्षेत्र अत्यंत उर्जासंपन्न एवं सातिशायी है । अनेक मूकबधिर वाचाहीन व्यक्ति अजारी क्षेत्र में माँ सरस्वती की मिन्नत कर वाक्पीडा से प्रायशः मुक्ति पाते है । मिन्नत में माँ को चाँदी की जीभ चडाई जाती है ।

माँ सरस्वती की साधना में जप एवं दशांश होम दोनों के योग से ही पूरी सफलता मिलती है । आचार्य बप्पभट्टसूरि एवं आचार्य मल्लिषेणसूरि के सरस्वतीकल्प में यह विधान स्पष्ट मिलता है । मंत्र एवं भौतिक द्रव्यों के द्वारा अभौतिकशक्ति को उजागर करना यही तंत्र है । कलियुग में तन्त्र ही सद्यः फलप्रद है ।

औदारिक एवं कार्मण की शक्ति को तैजस में उजागर कर, इडा और पिंगला में बहती प्राणधारा को सुषुम्णा में सम्मिलित कर माँ त्रिपुराभारती की सिद्ध होती है । हमें यह प्राप्त हो यही कामना...

जैन सोसायटी पो०शु० १० २०५९ **मुनि धुरंधरविजय**

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

उत्थानिका

सर्वज्ञं पुण्डरीकाक्षं शङ्करं नाभिसम्भवम् ।
प्रणम्य टीकां वक्ष्येऽहं सङ्क्षेपेण लघुस्तवे ॥

इह हि पूर्वं केनचिन्महानरेन्द्रेण निजसभायां दूरदेशाभ्यागतः समस्तशास्त्रपारङ्गमः कोऽपि पण्डिताग्रणीः स्वविद्याविशेषोत्कर्षं पृष्टः, शीर्षे स्वकरकमलविन्यासमात्रेण सर्वथा निरक्षरस्यापि शिशोर्गाङ्गतरङ्गानुकारिणीं तत्कालाभिनवकाव्यकर्त्तव्यतामाह । ततश्च सद्यो भूपभ्रूविक्षेपमात्रेण राजपुरुषैरुपाहूतः स्पष्टमस्पष्टोऽष्टवर्षदेश्यो बालकः संस्नाप्य कौसुम्भ-वस्त्रालङ्कृतः पुरस्तादुपवेश्य मस्तके दक्षिणहस्तं धृत्वा वदेति विदुषा साक्षेपं भाषितोऽनेककर्मक्षममन्त्रपदगर्भाम् ऐन्द्रस्येव शरासनस्येत्याद्येकविंशति-काव्यमयीं नवकोटिकात्यायनीस्तुतिं व्याजहार । तस्याश्च स्वतोऽपि मन्दमतिसत्त्वानुकम्पया विवरणमभिदध्महे ।

भाषा—

श्रीकौशल्यायनिं नत्वा वाग्देव्याश्च पदद्वयम् ॥
श्रीलघुस्तवकाव्यस्य कुर्वे भाषां यथामति ॥१॥

यह श्रीलघुस्तवराज, किस कारण से बनाया गया था इस विषय पर कुछ विचार किया जाता है । कुछ वर्षों पहले सब शास्त्रों का पारगामी एक श्रेष्ठ पण्डित घूमता घूमता किसी बड़े महाराज की सभा में आया । राजा ने उसको पूछा कि 'क्या आप चमत्कारिक विद्या जानते हैं ?' तब उसने प्रत्युत्तर दिया कि-'मैं किसी बिलकुल अनपढ़ बालक के शिर पर हाथ धर देता हूँ तो वह बालक

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

तत्काल श्रीगङ्गानदी की तरङ्गों के समान गहन और अस्खलित संस्कृतभाषा के श्लोकों को बोलना प्रारम्भ कर देता है' । यह सुनकर उस राजा ने अपने नौकरों को वैसे बालक को लाने के लिये इशारा किया । वे नौकर लोग तुरत ही एक आठ वर्ष की आयुष्यवाले और बिलकुल अनपढ़ बालक को ले आये । तब उस पण्डित ने लड़के को स्नान करा के लाल वस्त्र पहनाये और उस बालक को राजा के सम्मुख बिठा कर उसके शिर पर हाथ रखकर उच्चस्वर से कहा कि 'बोल !' तब वह बालक मनोवांछित सिद्धियों के देनेवाले ऐँ क्लीँ सौँ आदि बीजाक्षरों से युक्त इस स्तोत्र के इक्कीस श्लोकों से नवकोटि नामवाली श्रीत्रिपुरा देवी की स्तुति करने लगा । उन श्लोकों रहस्य का विशेष कठिन होने के कारण मन्दबुद्धि पुरुष उसको नहीं जान सकते हैं । इसलिये व्याख्याकार श्रीसोमतिलकसूरि कहते हैं कि हम से भी मन्दबुद्धि लोगों की सुविधा के लिए हम उस लघुस्तवराज स्तोत्र की व्याख्या करते हैं ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

श्रीत्रिपुराभारतीस्तवः

ऐन्द्रस्येव शरासनस्य दधती मध्येललाटं प्रभां
शौक्लीं कान्तिमनुष्णगोरिव शिरस्यातन्वती सर्वतः ॥
एषासौ त्रिपुरा हृदि द्युतिरिवोष्णांशोः सदाहःस्थिता
छिन्द्यान्नः सहसा पदैस्त्रिभिरघं ज्योतिर्मयी वाङ्मयी ॥१॥[१]

● **श्रीसोमतिलकसूरिविरचिता ज्ञानदीपिका व्याख्या** ●

व्याख्या—**ऐन्द्रस्येवेति** । **एषा** = प्रत्यक्षा, **असौ** = अप्रत्यक्षरूपा **त्रिपुरा** देवी, **नः** = अस्माकम्, **अघं** = पापं दुःखं वा **छिन्द्यात्** = विनाशयेदिति सम्बन्धः "अघः दुःखे च पापे च" इत्यनेकार्थवचनात् । किंविशिष्टा देवी ? **वाङ्मयी** = वचनरूपताम्प्राप्ता । अन्यच्च **ज्योतिर्मयी** = अनिर्वचनीयतेजोरूपेत्यर्थः । अनेन गुरुमुखे प्रत्यक्षा ज्ञानरूपत्वादर्वाग्दशामप्रत्यक्षा चेत्युभयरूपपरमशक्तिध्यानेन दुःखपापच्छेदस्तज्ज्ञानां सुलभ एव । कथं ? **सहसा** = अप्रतर्कितमेव । लयो हि ज्ञानकारणमुच्यत इत्युक्तेः । कैः कारणभूतैः ? **त्रिभिः पदैः** विशेषणभूतैः । किं कुर्वती ? **ऐन्द्रस्य** = इन्द्रसम्बन्धिनः **शरासनस्य** = धनुषः इन्द्रधनुष इव हरितपीतसितासितमाञ्जिष्ठरूपपञ्चवर्णां **प्रभां** = कान्ति **दधती** = धारयन्ती । कथं ? **मध्येललाटं** = "पारेमध्येऽग्रेऽन्तः पष्ठ्या च" इति सूत्रेण विकल्पेन कर्मत्वम् । सर्वाङ्गस्य तेजोमयत्वेऽपि ललाट एव पञ्चवर्णोल्लासः । अन्यच्च **शिरसि** = मस्तके **अनुष्णगोरिव** = चन्द्रस्येव **सर्वतः** = समन्तात् **शौक्लीं** = शुक्लरूपां "तस्येदम्" इत्यण् प्रत्ययः, **कान्तिमातन्वती** = विस्तारयन्ती शुक्लः पटगुणस्तस्येयं शौक्ली एवमादेरणो [२]व्युत्पत्तिः । दशमद्वारे पूर्णशशाङ्कधवल-कान्तिरित्यर्थः । अन्यच्च **हृदि** = हृदयकमले **सदाहःस्थिता** सदा अहि =

---

१. अस्मिन् काव्ये समाप्तिपर्यंतं शार्दूलविक्रीडितमेव वृत्तम् ।

२. वृद्धिरिति पाठो युक्तोऽवगम्यते ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

दिवसे स्थिता = वर्त्तमाना । **उष्णांशोः** = सूर्यस्य द्युतिः = कान्तिरिव । हृदये सुवर्णवर्णा भगवतीति सामान्यरीत्या प्रथमवृत्तार्थः ।

विशेषतश्चास्मिन् वृत्ते सामान्यविशेषाभ्यां त्रिपुराया मन्त्रोद्धारोऽस्ति, वक्ष्यते च प्रान्ते विंशे काव्ये

बोद्धव्या निपुणं बुधैः स्तुतिरियं यत्राद्यवृत्ते स्फुटम् । इति,
मन्त्रोद्धारविधिर्विशेषसहितः सत्सम्प्रदायान्वितः ॥ इत्यादि च ।

स एव मन्त्रोद्धारः प्रकाश्यते यथा प्रथमपादे यत्प्रथममक्षरं तत्प्रथमबीजम्-(ऐङ्कारः)द्वितीयपादे द्वितीयमक्षरम्(क्लीँकारः) तृतीयपादे तृतीयमक्षरम् (सौ) तदपि हस्थितं हकारोपरि स्थितमिति ह्सौ जातं, हस्थितमिति विशेषणं पुनरावृत्या व्याख्यातम्, हकारेण बिन्दुना स्थितं निष्ठितं । कौलमते हि हकारो गगनमुच्यते, गगनञ्च शून्यं बिंदुरित्येकार्थमेव । ह्सौं सौं इति वा-इति तृतीयबीजाक्षरं त्रिपुरामूलमन्त्रो ज्ञेयः ।

ध्यानविभागोऽप्यत्रैव । आदिमं बीजं ललाटे पञ्चवर्णं, द्वितीयं शीर्षे श्वेतवर्णं, तृतीयं हृदये पीतवर्णं ध्येयम् । किञ्च सहसापदैरिति विशेषो ज्ञेयः । सह हकारसकाराभ्यां वर्त्तते इति सहसा बीजत्रयमपि सकारहकारयुक्तं स्ह्रैं स्ह्क्लीं स्ह्सौं इत्यादि विशेषो ज्ञेयः । तथा सर्वतः इत्यत्रापि विशेषोऽस्ति सरु-इति विभक्तं पदम् अतोऽस्माल्ललाटादनन्तरं शिरसि (क्लीँकारः) सरु-इति क्रियापदविशेषणम् । सह रुणा रेफेण वर्त्तत इति सरु, उकार उच्चारणार्थः । एतेन क्लीँकारेऽधो रेफः सिद्धः । सकारहकारसंयोगश्च पूर्वमेवोक्तस्तेन 'स्हक्लीँ' इति कूटाक्षरः सिद्धः । यदुक्तम्-

कान्तान्तवान्ताकुललान्तवामनेत्रान्वितं दण्डिकनीलनादम् ।
षट्कूटमेतत्त्रिपुराणवोक्तमत्यन्तगुह्यं शिव एव साक्षात् ॥१॥

कान्तं भवान्तं च कुलान्तवामनेत्रान्वितं दण्डिकुलं सनादम् ।
षट्कूटमेतत्त्रिपुराणवोक्तमत्यन्तगुह्यं शिव एव साक्षात् ॥२॥

इति पाठान्तरम् ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

इत्यादयस्त्रिपुराविशेषाः कविहस्तमल्लोक्तास्त्रिपुरासारसमुच्चयाज्ज्ञेयाः ।

यदि वा सरु, इति सविसर्गं पदं, रेफमूलत्वाद्विसर्गाणाम्, तेन ह्सौः इति सविसर्गं पदमाम्नायान्तरे ज्ञेयम् ।

अथ किमेषा त्रिपुरा उत त्रिपुरभैरवी । यथोत्तरषट्कशास्त्रे-त्रिपुरा-मुद्दिश्योद्धारः कृतः

अथातः सम्प्रवक्ष्यामि सम्प्रदायसमन्वितम् ।
त्रैलोक्यडामरं तन्त्रं त्रिपुरावाचकं महत् ॥१॥

पुनस्तत्रैव-

पूर्वोक्तं यन्त्रमालिख्य त्रिपुरावाचकं महत् ।
अथातः सम्प्रवक्ष्यामि त्रिपुरायोगमुत्तमम् ॥२॥

पञ्चरात्रशास्त्रे त्रिपुरा त्रिपुरेति श्रूयते । तत्त्वसागरसंहितायाञ्चैतैर्बीजाक्षरैस्त्रिपुरभैरवी कथिता । यथा

वाग्भवं प्रथमं बीजं द्वितीयं कुसुमायुधम् ।
तृतीयं बीजसञ्ज्ञं स्यात्तद्धि सारस्वतं वपुः ॥१॥

एषा देवी मयाख्याता नित्या त्रिपुरभैरवी ।
एषा सा मूलविद्या तु नाम्ना त्रिपुरभैरवी ॥२॥

तत्कथमित्याह । **सत्यम्**, बहवोऽस्या उद्धारप्रकाराः सम्प्रदायाः पूजामार्गाश्च । तथा च नारदीयविशेषसंहितायामुक्तम्-

वेदेषु धर्मशास्त्रेषु पुराणेष्वखिलेषु च ।
सिद्धान्ते पाञ्चरात्रे च बौद्ध आर्हतके तथा ॥१॥

तस्मात्सर्वासु सञ्ज्ञासु वाच्यैका परमेश्वरी ।
शब्दशास्त्रे तथान्येषु संहिता मुनिभिस्सुरैः ॥२॥ इत्यादि

मन्त्रोद्धारम्प्रवक्ष्यामि गुप्तद्वारेण केशव ।
विशेषस्त्ववगन्तव्यो व्याख्यातृगुरुवक्त्रतः ॥३॥

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

इत्यतः क्वचिन्मन्त्रोद्धारभेदात्, क्वचिदासनभेदात्, क्वचित्सम्प्रदायभेदात्, क्वचित्पूजाभेदात्, क्वचिन्मूर्तिभेदात्, क्वचिद्ध्यानभेदाद् बहुप्रकारैषा त्रिपुरा क्वचित् त्रिपुरभैरवी, क्वचित्त्रिपुरभारती, क्वचिन्नित्यत्रिपुरभैरवी, क्वचित्त्रिपुरललिता क्वचिदपरेण नाम्ना क्वचित् त्रिपुरैवोच्यते । सर्वप्रकारेण फलदा सैव भगवती । यदाहुः-

न गुरोः सदृशो दाता न देवः शङ्करोपमः ।
न कौलात्परमो योगी न विद्या त्रिपुरापरा ॥१॥

न पत्न्याः परमं सौख्यं न वेदात्परमो विधिः[१] ।
न बीजात्परमा सृष्टिर्न विद्या त्रिपुरापरा ॥२॥

दर्शनेषु समस्तेषु पाखण्डेषु विशेषतः ।
दिव्यरूपा महादेवी सर्वत्र परमेश्वरी ॥३॥

अथ त्रिपुराया जाप-होम-पूजा-साधन-ध्यान-न्यास-क्रिया-फलादिकं पृथक्पृथक् शास्त्रेभ्यो ज्ञेयम् । यदाहुस्तत्तद्ग्रन्थेषु-

न जापेन विना सिद्धिर्न होमेन विना फलम् ।
न पूजावर्जितं सौख्यं मन्त्रसाधनकर्मणि ॥१॥

न ध्यानेन विना सिद्धिर्न न्यासेन विना जपः ।
न क्रियावर्जितो मोक्षो मन्त्रसाधनकर्मणि ॥२॥

यत्नेन[२] सर्वं गुह्यमेकमुष्ट्या प्रदेयं गुरुभिरिति प्रथमश्लोकार्थः ॥१॥

भाषा—ऐन्द्रस्य-शरासनस्य-इव=वर्षासमय में प्रकट हुए इन्द्रधनुष के समान प्रभाम्=हरित पीत धवल श्याम रक्त आदि विचित्र कान्ति को दधती मध्येललाटम्=ललाट के मध्य भाग में धारण कर रही । और शिरसि=मस्तक में अनुष्णगोः इव=शरत्काल के चन्द्रमा के समान शौक्लीं कान्तिम्=शुक्ल कान्ति को सर्वतः = सर्व दिशाओं में आतन्वती = विस्तार रही और हृदि=हृदयकमल में

१. (न शान्तेः परमं ज्ञानं न शान्तेः परमो भयः । न कौलात् परमो योगी न विद्या त्रिपुरापरा) इत्यधिकं जि० पुस्तके ।

२. यतो न । इति जि० पुस्तके ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

अहःस्थिता=उष्णांशोः द्युतिः इव=प्रभातकाल के सूर्यमण्डल की कान्ति के समान शोभा को सर्वदा=सर्व काल धारण कर रही, ऐसी एषा=यह अर्थात् ज्ञानीजनों के लिए प्रत्यक्ष स्वरूपवाली और असौ=वह अर्थात् अज्ञजनों के लिए गुप्त स्वरूपवाली वाङ्मयी=वाणीरूप तथा ज्योतिर्मयी:=ज्योतिःस्वरूप त्रिपुरा=श्रीत्रिपुरा नाम देवी त्रिभिः पदैः=इन पूर्वोक्त तीन विशेषणों से या इन तीन मन्त्राक्षरों से नः=हम लोगों के अघं=पाप को या दुःख को सहसा=तत्काल छिन्द्यात्=नष्ट करो ॥१॥

भावार्थः—जो साधक पुरुष अपने ललाट के मध्य भाग में इन्द्रधनुष्य के समान विचित्र वर्णवाले ऐँ बीजाक्षर का और मस्तक में चन्द्रमा की कान्ति के समान उज्ज्वल वर्णवाले क्लीँ बीजाक्षर का और हृदयकमल में प्रातःकालिक सूर्य की कान्ति के समान रक्तवर्णवाले सौँ बीजाक्षर का ध्यान करता है उस साधक पुरुष को श्रीत्रिपुरा[१] देवी के अनुग्रह से धर्म, अर्थ, काम मोक्ष आदि पुरुषार्थ की सिद्धि हो जाती है और समग्र आपदाएँ नष्ट हो जाती हैं ॥१॥

विशेषार्थः—इस श्लोक में से श्रीत्रिपुरा देवी के बीजाक्षर मन्त्रों का भी उद्धार होता है । जो कि इस स्तोत्र के वीसवें श्लोक में कहा जायेगा । उन मन्त्राक्षरों का उद्धार करने की विधि यह है कि इस श्लोक के पहले ऐन्द्रस्येत्यादि में पहला अक्षर 'ऐँ' बीजाक्षर है । दूसरे पाद शौक्लीम्-इत्यादि में दूसरा अक्षर 'क्लीँ' बीजाक्षर है और तीसरे पाद एषासौ इत्यादि में तीसरा अक्षर 'सौँ' बीजाक्षर है । सब मिलकर ऐँ क्लीँ सौँ यह मूलमन्त्र हुआ । 'हस्थित' इस मूलपाठ से कितनेक पण्डित कहते हैं कि सौ बीजाक्षर को हकारसहित उच्चारण करना जैसे ह्सौ । कौल मुनि के मत में हकार को गगन माना है, गगन नाम अनुस्वार का

१. कोई पुरुष शङ्का करे कि शक्तिरूप देवी का नाम कहीं त्रिपुरभैरवी कहीं त्रिपुरा और कहीं त्रिपुरललिता आदि आते हैं सो यह स्तोत्र कौन सी देवी की महिमा को प्रतिपादन करता है तब उसका प्रत्युत्तर यह है कि, इस स्तोत्र में श्रीत्रिपुरा देवी का ही वर्णन है और मन्त्र, आसन, पूजा, मूर्ति, ध्यान आदि के भेद से उस श्रीत्रिपुरा देवी के ही त्रिपुरभैरवी, त्रिपुरभारती, नित्यत्रिपुरभैरवी, त्रिपुरा आदि नाम भेद है और वही श्रीत्रिपुरा देवी हर किसी मूर्त्ति की उपासना करनेवाले पुरुष को फल देती है । जैसे कि, एक स्थान पर लिखा है कि गुरु समान कोई दानी नहीं है । शङ्कर समान कोई देव नहीं है । कौल मुनि के समान कोई उत्तम योगी नहीं है । त्रिपुरा देवी की मन्त्रविद्या समान कोई विद्या नहीं है । स्त्री के समान कोई हितकारी नहीं है । वेद के समान कोई शास्त्र नहीं है । बीज (वीर्य) के समान कोई सृष्टिकर्त्ता नहीं है । और त्रिपुरादेवी की मन्त्रविद्या समान कोई विद्या नहीं है ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

है । इसलिये 'हस्थित' ऐसे मूलपाठ से कुछ पण्डित सौ बीजाक्षर को अनुस्वार सहित मानते हैं, जैसे 'सौँ' । और 'सहसापदैस्त्रिभिः' इस मूलपाठ से फिर भी विशेषता यह है कि इन तीनों बीजाक्षरों ऐँ क्लीँ सौँ का सकार हकार के साथ उच्चारण करना चाहिये, जैसे 'स्हैं-स्हक्लीं-स्हौं' । और सर्वतः ऐसे मूलपाठ से 'सरु' ऐसे पद को पृथक् निकाल कर पूर्वोक्त 'स्हक्लीं' बीजाक्षर का विशेषण करने से रकार के साथ भी इसका उच्चारण करना योग्य है । जैसे स्र्हक्लीं—यह कूटाक्षर बड़ा चमत्कारिक और साक्षात् शिवरूप है । अथवा पूर्वोक्त सरु पद को ह्सौँ का विशेषण करने से उस बीजाक्षर को विसर्गों के साथ उच्चारण करना योग्य है जैसे ह्सौः । इत्यादि अनेक बीजाक्षरों के भेद है और इस श्लोक के अनेक अर्थान्तर हैं परन्तु ग्रन्थ बढ़ जाने के भय से मैंने मुख्यमुख्य ही बताये हैं । त्रिपुरा देवी का जप, होम, पूजा, ध्यान, न्यास, क्रिया आदि समग्र विधि को तथा विशेष बीजाक्षरों के रहस्य विषय को दूसरे शास्त्रों से या अपने गुरु के मुखारविन्द से जान लेना योग्य है । क्योंकि शास्त्रों में कहते हैं कि जप, होम आदि विधि के विना मन्त्रसाधन फलदायक नहीं होता है ॥१॥

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

२

त्रिपुरायाः प्रथमबीजान्तरमाह—**येति**

या मात्रा त्रपुषीलततातनुलसत्तन्तूत्थितिस्पर्द्धिनी
वाग्बीजे प्रथमे स्थिता तव सदा तां मन्महे ते वयम् ।
शक्तिः कुण्डलिनीति विश्वजननव्यापारबद्धोद्यमा
ज्ञात्वेत्थं न पुनः स्पृशन्ति जननीगर्भेऽर्भकत्वं नराः ॥२॥

व्याख्या—हे भगवति[१] त्रिपुरे ! इत्यामन्त्रणपदमध्याहार्यं सर्वत्र । **त्रिपुषीलततातनुलसत्तन्तूत्थितिस्पर्द्धिनी या मात्रा प्रथमे तव वाग्बीजे स्थिता** = ऐँकारे प्रतिष्ठिता, **तां** = मात्रां ते **वयं** = त्वद्भक्ता **मन्महे** । **त्रपुषीलता** = उष्णकालेऽरहट्टघटीजलसिक्तक्षेत्रोत्पन्ना कर्क्कटीवल्ली तस्यास्तनवः = सूक्ष्माः लसन्तः = प्रसरन्तो ये तन्तवो = गुणास्तेषामुत्थितिः = प्रथमारम्भ स्पर्द्धते = अनुकरोति । नवोत्पन्नास्तन्तवो विशिष्य कुटिलाकारा भवन्तीत्यर्थः । ईदृशी ॐ या मात्रा हौँआकाररूपा[२] सैव मात्रा । हे भगवति ! तव **वाग्बीजे** = ऐङ्कारे स्थिता **तां** = मात्रां **वयं मन्महे** अर्द्धमात्रामपि ऐंकारवद्वाग्बीजतयाद्रियामहे इत्यर्थः । इयं **कुण्डलिनी शक्तिः** भगवती **विश्वजननव्यापारबद्धोद्यमा**= विश्वस्य = जगतो जननमुत्पादनं तस्य व्यापारः = कर्म तत्र बद्धोद्यमा = कृत-प्रयासा चतुर्दशभुवनसृष्टिसावधाना त्रिपुरा इति, **इत्थं ज्ञात्वा** = एवं सम्यगवबुध्य **नराः** = मनुष्याः **जननीगर्भे** = मातृकुक्षौ **पुनः अर्भकत्वं** = डिम्भरूपतां **न स्पृशन्ति**

---

१. इत्यादि सम्बोधन पदों का अध्याहार जहाँ आवश्यकता हो वहाँ सब स्थानपर कर लेना चाहिये ।

२. अयं कुण्डलिनीशक्तेराकारः । एतदाकाररूपेत्यर्थः ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

= नानुभवन्ति । ईदृग्रूपवाग्बीजपरमशक्ति ध्यानादपि प्राप्तज्ञानमहानन्दा योगिनो मोक्षपदमवाप्नुवन्ति । न च संसारे दुःखभाण्डागारे भूय उत्पद्यन्त इति द्वितीय-वृत्तार्थः ॥२॥

भाषा—इस श्लोक में श्रीत्रिपुरा देवी के प्रथम बीजाक्षर की विशेषता को कहते हैं । हे देवी ! भगवती ! त्रपुषीलतातनुलसत्तन्तूत्थितिस्पर्द्धिनी=उष्णकाल में अरहट्ट की घड़ियों के जल से तृप्त हुई खीरा ककड़ी की बेल के पतले पतले और फैलते हुए आँटेदार तन्तुओं के समान शोभावाली या मात्रा=जो मात्रा तव प्रथमे वाग्बीजे=आप के पहले अर्थात् ऐंकाररूप बीजाक्षर में स्थिता=स्थित है ताम्=उस ऐसे रूपवाली मात्रा को वयम्=हमलोग मन्महे=वाग्बीज का मुख्य अङ्ग मानते हैं । कुण्डलिनी शक्तिः=यह कुण्डलाकार मात्रारूप शक्ति विश्वजनन-व्यापारबद्धोद्यमा =समग्र जगत को रचने वाली है इत्थम्=इस प्रकार ज्ञात्वा=चित्त में जान लेने से नराः=संसारी जन पुनः=फिर जननीगर्भे=माता के उदर में अर्भकत्वम्=बालकपने को न स्पृशन्ति=प्राप्त नहीं होते ॥२॥

भावार्थः—जो कोई पुरुष वाग्बीज ऐंकार में स्थित खीरा ककड़ी की बेल के आँटेदार तन्तुरूप मात्रा को सब जगत की सृष्टिकारक कुण्डलिनी शक्ति मानकर उस का एकाग्र चित्त से ध्यान करते हैं वे पुरुष ज्ञानरूप आनन्द समुद्र में मग्नचित्त होकर अन्त में मोक्षपद को प्राप्त हो जाते हैं, फिर वे इस महादुःखरूप संसार में आकर जन्म, मरण के क्लेशों को नहीं भोगते हैं ॥२॥

Jain Education International　For Private & Personal Use Only　www.jainelibrary.org

३

अज्ञानोच्चारितस्याप्येतस्य बीजस्य प्रभावातिशयमाह-**दृष्ट्वेति** ।

दृष्ट्वा सम्भ्रमकारि वस्तु सहसा ऐ ऐ इति व्याहृतं
येनाकूतवशादपीह वरदे ! बिन्दुं विनाप्यक्षरम् ।
तस्यापि ध्रुवमेव देवि ! तरसा जाते तवानुग्रहे
वाचः सूक्तिसुधारसद्रवमुचो निर्यान्ति वक्राम्बुजात्[१] ॥३॥

व्याख्या—हे वरदे = मनोऽभिलषितवरदानदक्षे ! **इह** = जगति **सम्भ्रमकारि** = आश्चर्यकारणं **वस्तु** = पदार्थं **सहसा** = अकस्मात् **दृष्ट्वा** = विलोक्य येन केनापि पुरुषेण **आकूतवशादपि** = भयाभिप्रायादपि **बिन्दुं विनाप्यक्षरम्** = अनुस्वारवर्जितमक्षरं **व्याहृतम्** = उच्चारितं **तस्यापि** = 'ऐऐ' इत्युच्चारकस्य पुरुषस्य **ध्रुवमेव** = निश्चितमेव **हे देवि** = भगवति ! **तरसा** = बलेन विद्यापाठं विनापि **तवानुग्रहे** = त्वत्प्रसादे **जाते** सति ध्यातुः **वक्राम्बुजात्** = मुखकमलात् **सूक्तिसुधारसद्रवमुचः** = अमृतरसनिर्यासरूपा वाचो **निर्यान्ति** = निःसरन्ति । सार्थकत्वाद्वचनानाममृतोपमानत्वम् । यद्यपि रसद्रवयोरेकार्थता तथाप्यत्र विशेषो-अमृतं हि देवानां भोज्यं रसरूपमेव भवति तस्यापि द्रवः सारोद्धारो निर्यास इत्यर्थः । अयमभिप्रायः-प्राणी यदि किमपि अपूर्वपदार्थावलोकेऽपि सम्भ्रान्तचेताः ऐ इत्यक्षरमुच्चारयाति । एतावद्बीजाक्षरोच्चारण-सन्तुष्ट-भगवती-प्रसादादविरल-विगलदमृत-लहरी-परीपाक-पैशलवाणी-विलासाः प्रसरन्तीति तृतीयवृत्तार्थः ॥३॥

---

१. वक्रोदरात्, इत्यपि पाठः, तस्यार्थस्तु मुखमध्यात्-इति ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

भाषा—अज्ञान से भी उच्चारण किये गए ऐं बीजाक्षर के प्रभाव की अधिकता बताते है । हे वरदे=मनोवाञ्छित वर देनेवाली श्रीभगवती ! इह=इस जगत में सहसा=अकस्मात् ही सम्भ्रमकारि वस्तु=भय या आश्चर्य करनेवाली किसी वस्तु को दृष्ट्वा=देखकर येन=जिस पुरुष ने आकूतवशात्=भय या आश्चर्य के अभिप्राय से बिन्दुं विना अपि=अनुस्वार विना भी अक्षरम्=पूर्वोक्त बीजाक्षर का व्याहृतम् =उच्चारण किया है अर्थात् 'ऐ ऐ' ऐसा उच्चारण किया है तस्य अपि=उस 'ऐ ऐ' उच्चारण करनेवाले पुरुष को भी हे देवि-भगवती ! तरसा =विद्या का अभ्यास किये विना ही तव-अनुग्रहे-जाते=आप की कृपा प्राप्त हो जाती है । और वक्त्राम्बुजात्=उस पुरुष के मुखारविन्द में से ध्रुवम्=निश्चय ही सूक्तिसुधारसद्रवमुचः=सुभाषितमय अमृत के रस को झरानेवाली वाचः वाणी निर्यान्ति=निकलती हैं ।

भावार्थः—जो कोई पुरुष भयकारी या आश्चर्यकारी किसी वस्तु को देखकर हँसी ठट्ठे आदि के अभिप्राय से भी यदि 'ऐ ऐ' ऐसे विना अनुस्वार वाग्बीजाक्षर का उच्चारण करता है, तथापि इतना ही उच्चारण करने से प्रसन्न हुई श्रीत्रिपुरा देवी के अनुग्रह से उस पुरुष के मुखारविन्द में से सुन्दर और अमृतसमान अतिमधुर वाणी निकलती है अर्थात् उस वाग्बीजाक्षर के उच्चारण करने के प्रभाव से वह पुरुष अत्यन्त बुद्धिमान् और कविजनों में शिरोमणि हो जाता है ॥३॥

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

द्वितीयबीजाक्षरेऽप्यंशगतं बीजान्तरमाह-**यदिति** ।

यन्नित्ये तव कामराजमपरं मन्त्राक्षरं निष्कलं
तत्सारस्वतमित्यवैति विरलः कश्चिद् बुधश्चेद् भुवि ।
आख्यानं प्रतिपर्व सत्यतपसो यत्कीर्त्तयन्तो द्विजाः
प्रारम्भे प्रणवास्पदप्रणयितां नीत्वोच्चरन्ति स्फुटम् ॥४॥

व्याख्या—यदिति । हे **नित्ये** = सकलकालकलाव्यापिशाश्वतरूपे भगवति ! **यत्तव** = भगवत्याः **अपरं** = द्वितीयं **मन्त्राक्षरं कामराजं** = कामराजनामकं क्लींकाररूपं तदपि निष्कलं शुद्धकोटिप्राप्तं **तत्** = बीजं **सारस्वत-मिति भुवि** = पृथिव्यां **कश्चिदेव विरलो बुधः** = विचक्षणो **अवैति** = वेत्ति जानाति विचारयति ।

प्रसिद्धमपि बीजं विरलो जानातीति कथने कवेरिदमाकूतम् । निष्कलमिति निर्गतककार-लकाराक्षरम् तेन ई इति प्रसिद्धम्, अपरमिति च अपगतरेफमाम्नायान्तरे ज्ञेयम् । ईदृशञ्चैव गूढाक्षरं विरल एव वेत्ति । यतः

शतेषु जायते शूरः सहस्रेषु च पण्डितः ।
वक्ता शतसहस्रेषु ज्ञाता भवति वा न वा ॥१॥ इति वचनात्

अस्यैवाक्षरस्य व्यवस्थापकमाह । **यत्** = मन्त्राक्षरं **प्रतिपर्व** अमावास्यायां पूर्णिमायां वा **सत्यतपसो** = नाम ब्रह्मर्षेः **आख्यानं** = दृष्टान्तं **कीर्त्तयन्तो** = सभा बन्धेन व्याख्यानयन्तः **द्विजाः** = ब्राह्मणाः **प्रारम्भे** = कथाकथनप्रारम्भे **प्रणवा-स्पदप्रणयितां नीत्वोच्चरन्ति** = प्रणवः ॐकारस्तस्यास्पदं स्थानं तत्र प्रणयः सम्बन्धः सोऽस्यास्तीति मत्वर्थीयप्रत्ययानन्तं पदं तद्भावस्तत्ता । यदेवाक्षरं

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

सत्यतपसो मुनेः पर्वाध्यायं श्रावयन्तो विप्राः आदौ पठन्ति तदेवाक्षरमित्यर्थः ।

ॐकारः सर्ववैदिकपाठेषु मङ्गलार्थतयाभीष्ट एव । यदाहुः-

ॐकारश्चाथशब्दश्च द्वावेतौ ब्रह्मणः पुरा ।
कण्ठं भित्त्वा विनिष्क्रान्तौ तेनोभौ मङ्गलाविमौ ॥१॥

अतो यत्र पाठे ईकारोऽप्यस्ति तत्पाठश्चायम् = 'ई' इति ।

एतदक्षरोच्चारणे च तस्य महर्षेरमुं हेतुमाहुः प्राचीना मुनयः ।

इह हिमवतः उत्तरेषु पादेषु पुष्पभद्रा नाम नदी तस्यास्तीरे पुष्पभद्रो नाम वटस्तत्र सत्यतपा नाम ऋषिस्तपोऽतप्यत । तस्य किल महर्षेः कानने निराहारं तपः समाचरतो निष्ठुरतर-शर-प्रहार-भर-जर्जरीकृत-कलेवरं चीत्कार-बधिरित-दिगन्तरमेकं वराहमालोक्य परमकारुण्यात्तत्कालसङ्क्रान्तयेव तत्पीडया मुखकमलात् ईइत्यक्षरं विनिर्गतमनन्तरं तत्पृष्ठत एवागतेनाधिज्यकार्मुकेण व्याधेन पृष्टम्-'भगवन् ! मदीय नाशचहतः शूकरः केन वर्त्मना गतः ? पीड्यते बुभुक्षया मत्कुटुम्बं, तत्तं निवेदय दयानिधे !' न दृष्ट इति कथनेऽसत्यभाषणं सत्यकथने च परपीडा । तदेवं विरुद्धमापतितमिति चिन्ताशतव्याकुलितस्य परलोकभीरोर्मुनेः ईकाररूपसारस्वत-बीजोच्चारणमात्रसन्तुष्ट भगवती सरस्वती मुखेऽवतीर्य सत्यहितं वचनमुच्चचार तद्यथा-

या पश्यति न सा ब्रूते, या ब्रूते सा न पश्यति ।
अहो व्याध स्वकार्यार्थिन् ! किं पृच्छसि मुहुर्मुहुः ॥१॥

एत्सम्प्रदाया ब्राह्मणा अद्यपि पर्वाध्यायादौ सारस्वतं परमम् 'ई' इत्यक्षरमुच्चारयन्ति सानुनासिकमिति तुर्यवृत्तार्थः ॥४॥

भाषा—हे नित्ये = सर्वकाल में व्यापक स्वरूपवाली श्रीभगवती यत् = जो तव= आप का अपरम् = दूसरा कामराजम् = कामरानामक मन्त्राक्षरम् = मन्त्राक्षर है अर्थात् क्लीँ ऐसा मन्त्राक्षर है, तत् = वह बीजमन्त्राक्षजर निष्कलम् = सर्वोत्तम शुद्धता को प्राप्त हुआ है। और सारस्वतम् = सरस्वती के साथ सम्बन्धवाला है। इति= इस प्रकार के रहस्य को भुवि = पृथ्वीपर कश्चित् = कोई विरलः = थोड़े ही बुधः=सुबुद्धि पुरुष

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

अवैति = जानते हैं। प्रतिपर्व = प्रत्येकपर्व के दिन सत्यतपसः = सत्यतपा नामक मुनि के आख्यानम् = आख्यान को कीर्त्तयन्तः = कीर्त्तन करते हुए द्विजाः = ब्राह्मण लोग यत् = इस कामबीजाक्षर को प्रणवास्पदप्रणयिताम् = ओं[1]कार के सदृश नीत्वा = मानकर प्रारम्भे = प्रत्येक कथा के प्रारम्भ में उच्चरन्ति = उच्चारण करते हैं ॥४॥

गूढार्थः—सर्वत्र प्रसिद्ध होने पर भी इस कामबीजाक्षर को विरले पुरुष ही जानते हैं। इस कहने से कविका यह भावार्थ है कि 'निष्कलम्' ऐसे मूलस्थित पाठ से क्लीँ बीजाक्षर को ककार-लकार करके रहित उच्चारण करना योग्य है जैसे 'ई'। और कितनेक आचार्य क्लीँ बीज को रकार के साथ मानते हैं अर्थात् क्ल्रीं ऐसा मानते हैं उनके मत में भी अपरः ऐसे मूलस्थ विशेषण से रकार रहित करने से पूर्ववत् ई ऐसा रह जायगा सो यह बीजाक्षर सरस्वती का है। इस अतिगूढ़ बीजाक्षर को विरले ही पुरुष जानते हैं। जैसे एक स्थान पर लिखा है कि 'सैकड़ों मनुष्यों में कोई शूरवीर होता है, हजारों मनुष्यों में कोई बुद्धिमान होता है, लाखों मनुष्यों में कोई शास्त्रज्ञ होता है। परन्तु शास्त्रों के रहस्य अर्थों को तो कोई विरले ही पुरुष जानते हैं' ॥४॥

---

१. ओंकार सब वैदिक शास्त्रों मे माङ्गलिक है। जैसे एक स्थान पर लिखा है कि, ओंकार शब्द और अथशब्द ये दोनों ब्रह्माजी के कण्ठ को भेदन कर के उत्पन्न हुए थे इसलिये दोनो शब्द माङ्गलिक है। **'ईं'** इस शब्द का उच्चारण करने में प्राचीन मुनिजन इस इतिहास को कहते हैं कि हिमाचल पर्वत के उत्तर शिखर पर एक पुष्पभद्रा नाम नदी थी। उसके तीर पर पुष्पभद्र नाम का एक वट था। वहाँ सत्यतपा नामक एक मुनि निराहार घोर तपस्या कर रहा था। उस समय एक सूअर आया, जो कि व्याध के घोरबाण से जर्जर-शरीर था और चित्कार से दिशाओं को बधिर कर रहा था। उस को देखकर उस मुनि ने उसकी पीडा से दुःखित होकर परम अनुग्रह से 'ई' ऐसा शब्द उच्चारण किया। तदनन्तर उस सूअर के पीछे अपने धनुष को चढाये हुए एक व्याध ने आ कर पूछा "हे मुनि ! मेरे बाण से घायल हुआ सूअर कौन से मार्ग से गया, कृपा कर के बताइये। क्योंकि मेरा परिवार भूखा मर रहा है"। इन वचनों को सुनकर सत्यतपा मुनि के मन में बहुत चिन्ता उत्पन्न हो गई। क्योंकि-जो उस व्याध को "मैंने सूअर को नहीं देखा" ऐसा यह कह दें तो असत्य भाषण हो जाये। और "मैंने सूअर को देखा यह कह दे" तो जीवहिंसा हो जाय, यह कैसा संकट आ पड़ा है।' इस प्रकार मुनि को सोचते हुए देखकर **'ईं'** ऐसे बीजाक्षर का उच्चारण करने से परम प्रसन्न हुई श्रीसरस्वती देवी ने उस मुनि के मुख में आकर सत्य, और हितकारी वचन उच्चारण करवाया कि, "हे व्याध ! जिसने सूअर को देखा है वह तो कहती नहीं है जो कहती है वह देखती नहीं है। हे व्याध ! तुम तो स्वकार्यार्थी हो इस लिये बारबार क्यों पूछते हो ? चले जाओ'। इस सम्प्रदायवाले ब्राह्मण लोग अभी तक पर्वाध्याय की आदि में अनुनासिक सहित ईं ऐसे बीजाक्षर का उच्चारण करते हैं।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

तृतीयबीजेऽप्यशेषाम्नायानुप्रवेशमाह-यदिति ।

यत्सद्यो वचसां प्रवृत्तिकरणे दृष्टप्रभावं बुधै-
स्तार्त्तीयीकमहं नमामि मनसा तद्बीजमिन्दुप्रभम् ।
अस्त्वौर्वोऽपि सरस्वतीमनुगतो जाड्याम्बुविच्छित्तये
गौःशब्दो गिरि वर्त्तते स नियतं योगं विना सिद्धिदः ॥५॥

व्याख्या—तार्त्तीयीकं = तृतीयम् **इन्दुप्रभं** = शशाङ्कधवलं **तत्** = पूर्वनिर्दिष्टं **बीजं** = ह्सौं इतिरूपं बीजाक्षरम् **अहं नमामि । यत्** बीजं **वाचांप्रवृत्तिकरणे** = वचनपाटवकरणे **बुधैः** = सचेतनैः **सद्यो दृष्टप्रभावं** = तत्क्षणालोकितोल्लसत्प्रत्ययम् । एकाक्यपि त्रैपुरं तृतीयं बीजं चन्द्रशुभ्रं ध्यातं सत् परमसारस्वतमित्यर्थः । यदि वा अहमिति न विद्यते हकारो यत्र तदहं हकाररहितम् । 'सौं' । एतदपि शारदं बीजं ज्ञेयम् । तदुक्तम्-

जीवं दक्षिणकर्णेन वाचा चैव समन्वितम् ।
एतत्सारस्वतं बीजं सद्योवचनकारकम् ॥१॥

जीवं सकारः । दक्षिणकर्णः औकारः । वाचा विसर्गः-इत्यादिसञ्ज्ञाः कौलमातृकातो ज्ञातव्याः । उत्तरार्द्धेन सप्रभावं त्रैपुरं बीजान्तरमाह । **और्वोऽपि** वडवानलोऽपि **सरस्वतीं** नाम नदीम् **अनुगतो** = मिलितो **जाड्याम्बुविच्छित्तये** = जाड्यजलसंशोषणाय **अस्तु** = स्यात् । तत्त्वं तु **अस्त्वौरिति** अस्-तु-औः इति पदत्रयम् । न विद्यते सकारो यत्र तत् अस्, सकारवर्जितम् । तुः पुनरर्थे । तेन औः इति केवलं सिद्धम् । एतदपि बीजान्तरं ज्ञेयम् । ततश्च **वो** = युष्माकं **सरस्वतीमनुगतः** = सारस्वतबीजतां प्राप्तः औरिति **जाड्याम्बुविच्छित्तये अस्तु**

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

भवतु इति व्याख्येयम् । अयमभिप्रायः-यथा किल सरस्वतीनाममात्रसाम्यान्नदी-सम्पर्काद्वडवाग्निरपि जाड्यं छिनत्ति तथेदमप्यक्षरं सारस्वतबीजत्वादज्ञानमुद्रापहारकम्-इति युक्तो न्यायः । एतस्यावस्थापकमाह-गौरिति । **गौः शब्दः गिरि** वाण्यां **वर्त्तते**

स्वर्गे दिशि पशौ रश्मौ वज्रे भूम्नि विषे गिरि ।
विनायके जले नेत्रे गौ शब्दः परिकीर्त्तितः ॥

इत्यनेकार्थवचनात् । स = गौः शब्दो **योगं विना** = ध्यानं (विना) **नियतं** = निश्चयेन **सिद्धिदः** = सारस्वतसिद्धिप्रदः । मम मतं चेदमर्थम् । **यो** = गौः शब्दः **गं** गकारं **विना** सिद्धिदः । तथा (च) औः इत्यवशिष्यते । इदम् औः इति बीजाक्षरं **योगं** = होमध्यानकुसुमजापक्रियां विनापि फलतीत्या-वृत्त्या व्याख्यातं ज्ञेयम् । अस्मिन् पद्यद्वयेऽपि एकमेव बीजाक्षरं बीजपदमुक्तमिति न पुनरुक्तमाशङ्क्यम् । यतोऽस्त्वौरिति सविसर्गं सानुनासिकञ्च बीजं (सौँ) इतरत् (सौः) सविसर्गमित्ययं विशेष इति पञ्चमवृत्तार्थः ॥५॥

भाषा—तीसरे सौ बीजाक्षर में भी सब शास्त्रों के आम्नाय का प्रवेश होता है यह बात कहते हैं । यत् = जिस बीजाक्षर का बुधैः = विवेकी जनों ने सद्यः = तत्काल वाचांप्रवृत्तिकरणे = बुद्धि की प्रवृत्ति करने के लिये दृष्ट-प्रभावम् = प्रभाव देख लिया है । तत् = उस इन्दुप्रभम् = चन्द्रमा के समान उज्ज्वल कान्तिवाले तार्त्तीयकम् = तीसरे बीजम् = सौ ऐसे बीजाक्षर को अहम् = मैं मनसा = चित्त से नमामि = नमस्कार करता हूँ । और जैसे सरस्वतीम् = अनुगतः सरस्वती नाम नदी के सम्बन्ध से और्वः = समुद्रस्थ वडवानल जाड्याम्बुविच्छित्तये = समुद्र के जल को शोषण करता है । वैसे यह सौ-बीजाक्षर भी सरस्वती से सम्बन्धित होने के कारण मूर्खतारूप जल को सुखाने के लिये अस्तु = समर्थ हो । और गौः शब्दः = 'गौः' ऐसा शब्द गिरि वर्त्तते = शास्त्रो में सरस्वती देवी का वाचक है इस वास्ते सः = वह शब्द योगं विना = होम, ध्यान, न्यास आदि शास्त्रोक्त विधि के विना ही नियतम् = निश्चयरूप से सिद्धिदः = मनोवाञ्छित सिद्धियों को देनेवाला है । अर्थात् यह सौ (औ) बीजाक्षर विधि के साधन करने से सिद्धिदायक हो इस में तो कहना ही क्या है । परन्तु विधि विना भी इस बीजाक्षर की साधना करना सिद्धिदायक है ॥५॥

विशेषार्थः—इस श्लोक के उत्तरार्द्ध से सौ-बीजाक्षर में किंचित् भेद भी

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

सिद्ध होता है । अस् औः तु सौ बीजाक्षर के सकार के छोड़कर शेष जो औ ऐसा अक्षर रहता है वह सरस्वतीम् अनुगतः = सरस्वती का बीजाक्षर होने से वः = आप लोगों के अर्थात् साधक पुरुषों के मूर्खतारूप जल को सुखा देता है । अब इस औ बीजाक्षर का सरस्वती से सम्बन्ध होने में प्रमाण कहते है यः = जो गौः शब्दः = गौः ऐसा शब्द गिरि वर्त्तते = शास्त्रों में सरस्वती का वाचक है । इस वास्ते सः वह गं-विना = गकार विना ही सिद्धिदः = सिद्धियों को देनेवाला है अर्थात् केवल औ ऐसा बीजाक्षर सरस्वती से सम्बन्धित होने के कारण साधक पुरुषों को सिद्धि देनेवाला है ॥५॥

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

६

साम्नायसङ्ग्रहमाह-एकैकमिति ।

एकैकं तव देवि बीजमनघं सव्यञ्जनाव्यञ्जनं
कूटस्थं यदि वा पृथक्क्रमगतं यद्वा स्थितं व्युत्क्रमात् ।
यं यं काममपेक्ष्य येन विधिना केनापि वा चिन्तितं
जप्तं वा सफलीकरोति तरसा तं तं समस्तं नृणाम् ॥६॥

व्याख्या—हे **देवि** = भगवति ! **एकैकम्** = एकमेकम् **अनघं** = निर्दूषणं **तव बीजं** = मन्त्राक्षरं **यं यं काम्म्** = अभीष्टार्थम् **अपेक्ष्य** आश्रित्य **येन केनापि विधिना चिन्तितं** = स्मृतं जप्तं वा पौनःपुन्येन चिन्तितं सदिदं बीजं **नृणां** = ध्यातृपुरुषाणां **तं तं समस्तं** मनोरथं **तरसा** = वेगेन **सफली-करोति** = पूरयति । बीजप्रकारबाहुल्यविशेषणान्याह-किं विशिष्टं बीजं ? **सव्यञ्जनाव्यञ्जनं** = सह व्यञ्जनेन = वर्णेन वर्तते सव्यञ्जनम्, न विद्यते व्यञ्जनं यत्र तदव्यञ्जनम्, केवलस्वरमयं । ततः समाहारद्वन्दः । तत्र सव्यञ्जनं मूलाम्नायरूपम् । अव्यञ्जनं च ऐ, ई, औ इति बीजपदानि, एतान्यपि रहस्यरूपाणि ज्ञेयानि । यदाह त्रिपुरसारे-

शिवाष्टमं केवलमादिबीजं भगस्य पूर्वाष्टमबीजमन्यत् ।
परं शिरोऽन्तःकथिता त्रिवर्णा सङ्केतविद्या गुरुवक्त्रगम्या ॥१॥ इति

तथा **कूटस्थम्**-अनेकसंयोगाक्षरबीजं यथा-ह्सैं-ह्स्क्लीँ ह्सौँ महात्रिपुर-भैरवीं नमः । पट्टे कुङ्कुमगोरोचनाचन्दनकर्पूरैर्मन्त्रं लिखित्वा बद्धस्य नाम उपरि बन्धकस्य त्वधो दत्त्वा रक्तपुष्पैरष्टदिनपर्यन्तमष्टोत्तरशत १०८ जपाद् बन्दीमोक्षः । यदि वा भूर्जपत्रे लिखित्वा दिनत्रयं रक्तपुष्पैरष्टोत्तरशतं १०८ जपं कृत्वा बद्धस्य वस्त्रांचले बन्धयेदवश्यं

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

मोक्ष इति । **यदि वा पृथक् एकैकं बीजं** = न च मिलितं । बीजत्रयमेव सारस्वतं किन्त्वेकाक्षरमतिरहस्यम् । यदाहुः श्रीपूज्यपादशिष्याः-

[1]कान्तादिभूतपदगैकगतार्द्धचन्द्रदन्तान्तपूर्वजलधिस्थितिवर्णयुक्तम् ।
एतज्जपन्नरवरो भुवि वाग्भवाख्यं वाचां सुधारसमुचां लभते स सिद्धिम् ॥१॥

अन्यच्च **क्रमगतं** = क्रमेण परिपाट्या लोकप्रसिद्ध्या शिवशक्ति-संयोगरूपया स्थितं यथा-ह्सैं-ह्स्क्लीँ ह्स्सौँ इति । यद्वा व्युत्क्रमात् वैपरीत्येन विपरीतरताभियोगेन स्थितं शक्त्याक्रान्तं शिवबीजमित्यर्थः । यथा स्ह्रैं-स्ह्क्लीँ स्ह्सौँ इति । यदाहु-श्रीजिनप्रभसूरिपादा रहस्ये पुंसो वश्यार्थे शिवाक्रान्तं शक्तिबीजं रक्तध्यानेन ध्यायेत्, स्त्रियास्तु वश्यार्थं शक्त्याक्रान्तं शिवबीजं ध्यायेदिति ।

त्रिपुरसारेऽप्याह-

शिवशक्तिबीजमत एव शम्भुना
निहितं द्वयोरुपरि पूर्वबीजयोः ।
अकुलं च परोपरि च मध्यमाधरे
दहनं ततःप्रभृति सोर्जिता भवेत् ॥

भैरवीयमुदिता कुलपूर्वा
देशिकैर्यदि भवेत् कुलपूर्वा ।
सैव शीघ्रफलदा भुवि विद्या
पश्यते पशुजनेष्वपि गोप्या ॥

किञ्च क्रमव्युत्क्रमौ, क्रमो यथा ऐँ क्लीँ सौँ, व्युत्क्रमो यथा ऐँ सौँ क्लीँ क्लीँ ऐँ सौँ । क्लीँ सौँ ऐँ । सौँ ऐँ क्लीँ । सौँ क्लीँ ऐँ । इत्यमुना प्रकारेण क्रमव्युत्क्रमयोः प्रकारान्तरमुच्यते । यथा क्रमो वाग्बीज-कामबीज-प्रेतबीजक्रमेण, व्युत्क्रमस्तु वाक्प्रेतकामबीजक्रमेण वा । प्रेतवाक्कामबीजक्रमेण वा । प्रेतकाम-वाग्बीजक्रमेण वा । कामवाक्प्रेतबीजक्रमेण वा । कामप्रेतवाग्बीजक्रमेण वेति । यदुक्तं पूज्यैः-

---

१. एतच्छ्लोकाग्रे "कान्तान्तं कुलपूर्वपञ्चमयुतं नेत्रान्तदण्डान्वितं, कामाख्यं गदितं जपान्म-तुरयं(?) साक्षाज्जगत्क्षोभकृत् । दन्तान्तेन युतं तु दण्डिसकलसंक्षोभणाख्यं कुलं सिद्ध्यत्यस्य गुणाष्टकं खचरतासिद्धिश्च नित्यं जपात् ॥१॥" इत्यपि केषुचित्कोशेषु पाठो दृश्यते ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

आद्यं बीजं मध्यमे मध्यमादावन्त्यं चादौ योजयित्वा जपेद्यः ।
त्रैलोक्यान्तःपातिनो भूतसङ्घा वश्यास्तस्यैश्वर्यभाजो भवेयुः ॥१॥

आद्यं कृत्वा चावसानेऽन्त्यबीजं मध्ये मध्यं चादिमे साधकेन्द्रः ।
सद्यः कुर्याद्यो जपं पापमुक्तो जीवन्मुक्तः सोऽश्नुते दिव्यसिद्धिम् ॥२॥

इत्यादि सर्वबीजलभ्यविशेषफलानि तत्तद्ग्रन्थेभ्यो ज्ञेयानि, अत एवोक्तम्- **यं यं कामं** = वश्याकृष्टि-पौष्टिक-स्तम्भन-मोहन-वशीकरण-मारणोच्चाटन-शान्त्यादिकं ध्याताभिप्रैति, एषां बीजानां प्रभावात् सर्वं सफलीभवतीति षष्ठ-वृत्तार्थः ॥६॥

भाषा—हे देवि श्रीभगवती ! यं यं कामम् = अपेक्ष्य = जिस जिस कामना की अपेक्षा से अनघम् = दूषणों से रहित एकैकम् = एक एक तव-बीजम् = आपके पूर्वोक्त बीजाक्षर को येन केनापि विधिना = कोई भी विधि से चिन्तितम् = स्मरण किया है या जप्तम् = जपा है तो नृणाम् = उन मनुष्यों की तम्-तम् समस्तम् = उस उस समग्र कामनाओं को तरसा = तत्काल आप सफलीकरोति = सफल करती हो, चाहे साधक पुरुष उन बीजाक्षरों को सव्यञ्जनाव्यञ्जनम् = व्यञ्जनों के साथे जपे, जैसे ऐँ क्लीँ सौँ । या व्यञ्जनों करके रहित जपे, जैसे ऐ, ई, औ और चाहे उन बीजाक्षरों को कूटस्थम् = बहुत अक्षरों से मिले हुए जपे जैसे ह्सौँ ह्स्क्लीँ ह्स्सौँ यदि वा अथवा पृथक् उन बीजाक्षरों को अलग अलग जपे जैसे ऐँ क्लीँ सौँ । या ह्सैं-ह्स्क्लीं-ह्स्सौँ । यद्वा = अथवा व्युत्क्रमात् स्थितम् = विपरीत रीति से स्थित हुए उन बीजाक्षरों का जाप करे । जैसे स्हैं-स्ह्क्लीँ स्सौँ । या ऐँ क्लीँ सौँ । वा क्लीँ ऐँ सौँ । वा क्लीँ सौँ ऐँ । या सौँ ऐँ क्लीँ । या सौँ क्लीँ ऐँ इत्यादि ॥६॥

भावार्थः—इन पूर्वोक्त ऐँ क्लीँ सौँ बीजाक्षरों को कोई भी रीति से जपनेवाला साधक मनोवाञ्छित सिद्धियों को प्राप्त हो जाता है । और ह्सैं-ह्स्क्लीँ ह्स्सौँ-महात्रिपुरभैरवीं नमः । यह श्रीभगवती का चिन्तामणि नाम बड़ा चमत्कारिक मन्त्र है । इन मन्त्र का शास्त्रोक्त विधि से साधन करने से साधक पुरुष को कोई वस्तु दुर्लभ नहीं रहेती है ॥६॥

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

७

अथ प्रस्तुतसारस्वतसिद्ध्यर्थं ध्येयविभागमाह-वाम इति ।

वामे पुस्तक-धारिणीमभयदां साक्षस्त्रजं दक्षिणे
भक्तेभ्यो वरदानपेशलकरां कर्पूरकुन्दोज्ज्वलाम् ।
उज्जृम्भाम्बुजपत्रकान्तनयनस्निग्धप्रभालोकिनीं
ये त्वामम्ब न शीलयन्ति मनसा तेषां कवित्वं कुतः ॥७॥

व्याख्या—वामे करे **पुस्तकधारिणीं** द्वितीये च वामकरे **अभयदां** = सर्वजीवाभयप्रदानदक्षां । तथा **दक्षिणे** पाणौ **साक्षस्त्रजम्** = अक्षस्त्रजा जपमालया सह वर्त्तते सा तथोक्ता । द्वितीये दक्षिणे करे **वरदानपेशल-करां** = 'कविर्भव वाग्मी भव लक्ष्मीवान् भवे'इत्यादि-वरदानदुर्ललितां, केभ्यः ? **भक्तेभ्यः** = निजसेवकेभ्यः, **कर्पूरकुन्दोज्ज्वलां** = घनसारकुन्दपुष्पोज्ज्वलां **त्वां अम्ब** = हे मातः ! ये पुरुषाः **मनसा** = चित्तशुद्ध्या **न शीलयन्ति** = नाराधयन्ति **तेषां कवित्वं कुतः** त्वत्प्रसादापेक्षिणी कवित्वशक्तिरिति । पुनस्तामेव विशेषयन्नाह-**उज्जृम्भाम्बुजपत्रकान्तनयन-स्निग्धप्रभालोकिनीम्** इति । उज्जृम्भं विकसितं यदम्बुजं कमलं तस्य पत्रं पर्णं तद्वत् कान्ते शुभ्रत्वविशालत्वगुणवर्ण्ये ये नयने = नेत्रे तयोः स्निग्धा विशेषदीप्ता या प्रभा कान्तिस्तया लोकत इत्येवंशीला ताम् । प्रसन्नदृष्टिता ह्यासन्नेष्टदानप्रसादाभिमुखीभावलिङ्गम् । यदुक्तं मागधी-भाषायाम्-

रुद्दस्स खरा दिट्ठी, उप्पलधवला पसन्नचित्तस्स ।
कुवियस्स उ मिलायइ, गंतुमणस्सूसिया होइ ॥१॥

इति चतुर्भुजत्वाद् भगवत्याः पुस्तकाभयदानाक्षमालावरदकरत्वं युक्तम्,

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

एवम्भूता भगवती कवित्वसिद्धये ध्यातव्येति सप्तमवृत्तार्थः ॥७॥

भाषा—अब अनुक्रमागत सरस्वती के बीजाक्षर की सिद्धि के लिये तदुपयोगिनी श्रीभगवती की मूर्त्ति का ध्यान वर्णन करते हैं । वामे = एक बाँयें हाथ में पुस्तकधारिणीम् = पुस्तक को धारण करती हुई और दूसरे बाँयें हाथ से अभयदाम् = सर्वजनों को अभयदान देती हुई । दक्षिणे = एक दहिने हाथ में साक्षस्त्रजम् = अक्षमाला को धारण करती हुई और दूसरे दहिने हाथ से भक्तेभ्यः = वरदानपेशलकराम् अपने भक्तजनों को वरदान देती हुई । कर्पूरकुन्दोज्ज्वलाम् = कपूर तथा कुन्दपुष्प के समान गौर वर्णवाली । उज्जृम्भाम्बुजपत्रकान्त-नयन स्निग्धप्रभालोकिनीम् = विकसित कमल के पत्तों के समान मनोहर सानुग्रह दृष्टि से अपने भक्तों को देखती ऐसी त्वाम् = आप की मूर्ति को हे अम्ब = माता श्रीभगवती ! ये = जो पुरुष मनसा चित्त की शुद्धि से न शीलयन्ति = नहीं भजते हैं । तेषाम् = उन पुरुषों को कवित्वम् = पण्डिताई कुतः कहाँ से हो ? अर्थात् कदापि नहीं हो ॥७॥

भावार्थः—कवित्व शक्ति की सिद्धि के लिये साधक पुरुष अक्षमाला और पुस्तक को धारण करती हुई तथा भक्तजनों को वरदान और सर्वजनों को अभयदान देती हुई उज्ज्वल वर्णवाली तथा विकसित कमल के पत्र समान मनोहर नेत्रोंवाली चतुर्भुजा श्रीसरस्वती देवी की मूर्ति का ध्यान करे । और पूर्वोक्त सरस्वती के बीजाक्षर मन्त्र का जाप करे ॥७॥

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

८

निरङ्कुशवक्तृत्वशक्तये विशेषोपदेशमाह-य **इति** ।

ये त्वां पाण्डुरपुण्डरीकपटलस्पष्टाभिरामप्रभां
सिञ्चन्तीममृतद्रवैरिव शिरो ध्यायन्ति मूर्ध्नि स्थिताम् ।
अश्रान्तं विकटस्फुटाक्षरपदा निर्याति वक्त्राम्बुजा-
त्तेषां भारति भारती सुरसरित्कल्लोललोलोर्मिवत् ॥८॥

व्याख्या—**हे भारति ! पाण्डुर-पुण्डरीक-पटल-स्पष्टाभिराम-प्रभाम्** श्वेतकमलराशिदीप्तमनोज्ञकान्तिम् । **अमृतद्रवैरिव** = सुधारसैरिव **शिरः** = मस्तकं सिञ्चन्तीम् । **मूर्ध्नि स्थितां** = मस्तकोपरिच्छत्रामिव स्थितां त्वाम् **ये** = पुरुषाः **ध्यायन्ति** = स्मरन्ति **तेषां वक्त्राम्बुजात्**= मुखकमलात् **अश्रान्तं** = निरन्तरं **भारती** = वाणी **निर्याति** = **निस्सरति** । किंरूपा ? **विकटस्फुटाक्षरपदा** = विकटान्युदाराणि स्फुटानि प्रकटान्यक्षराणि येष्वेवंभूतानि पदानि वाक्यरचना यस्यां सा तथोक्ता । ईदृशी सालङ्कारा सुललितविदग्ध-स्पृहणीया गीरुल्लसति । कथमित्याह-**सुरसरित्कल्लोललोलोर्मिवत्** = सुरसरित् गङ्गा तस्याः कल्लोलाः नीरसम्भारेल्लासिन्यो लहर्यस्तद्वल्लोलाश्चञ्चला ऊर्मयः सावर्त्तपयःप्रवाहरूपास्तद्वत् । भीमकान्तगुणवत्त्वात् पुरुषस्य केचित्तर्कादिवचनोपन्यासाः कल्लोलैरुपमीयन्ते । शान्तधर्मशास्त्रोपदेशाश्चोर्मिभिरित्येकार्थपदद्वयोपादानम् । सततक्षरदमृतबिन्दुशतसहस्रात्[१] स्वात्मध्यानात् परमा कवित्ववक्तृत्वशक्तिरिति पूर्वकाव्याद्विशेषः । वक्त्राम्बुजादित्यत्र जातिव्यपेक्षयैकवचनमित्यष्टमवृत्तार्थः ॥८॥

---

१. शतस्नातस्वात्मध्यानादिति जि० पुस्तके ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

